


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 318 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 20 अगस्त 2025 डाक 21 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
आगरा में ताजमहल के पास मानसून के मौसम में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाता है.......



**देश-विदेश**
हिमाचल में तबाही...बादल फटने से कुल्लू-मंडी में भारी तबाही, जम्मू-कश्मीर में मरने वालों की संख्या पहुंची 66



**फीचर पेज**
डेड बग एक्सरसाइज से जुड़ी इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगा फायदा



## साय मंत्रिमंडल विस्तार: राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने ली मंत्री पद की शपथ, छत्तीसगढ़ में पहली बार बने 14 मंत्री



**रायपुर, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ की राजनीति में बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए तीन नए चेहरों को शामिल किया। राजभवन में आयोजित गरिमामय समारोह में विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली। राजभवन में राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृज मोहन अग्रवाल, सभी कैबिनेट मंत्री, विधायक, भाजपा कार्यकर्ता और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नए मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं नए मंत्रियों के समर्थकों ने आतिशबाजी की, जिंदाबाद के नारे लगाए।

सूत्रों के मुताबिक, शपथ लेने के बाद तीनों को दिल्ली बुलाया गया है। तीनों नए मंत्रियों के लिए स्टेट गैरेज से 3 कार राजभवन पहुंची हैं, जिसमें बैठकर मंत्री वापस जाएंगे। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ कुल 11 मंत्री कार्यरत थे। आज के शपथ ग्रहण के बाद अब छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में कुल 14 मंत्री हो गए हैं। यह राज्य की राजनीति के इतिहास में पहली बार है जब कुल 14 मंत्रियों का मंत्रिमंडल बना है। संविधान के मुताबिक, 90 विधानसभा सीट वाले छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल की संख्या अधिकतम 15 प्रतिशत तक ही सीमित रह सकती है, यानी अधिकतम 13 मंत्री बनाए जा सकते थे। लेकिन इस बार हरियाणा में लागू फार्मूले को अपनाते हुए छत्तीसगढ़ में भी 14 मंत्री बनाए गए हैं। राजनीतिक गलियारों में इस फैसले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। शपथ ग्रहण समारोह पूरी तरह से पारंपरिक और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सभी कैबिनेट मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, सांसद बृज मोहन अग्रवाल सहित सभी विधायक, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल, सीएम ने नए मंत्रियों को शुभकामनाएं दी।

बीजेपी संगठन के अनुसार, नए मंत्रियों की कैबिनेट में एंट्री होगी, लेकिन मौजूदा मंत्रियों के विभाग या पद में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसका मतलब है कि वर्तमान टीम से किसी को बाहर नहीं किया जाएगा। हालांकि पिछले कुछ समय से राजनीतिक हलकों में लक्ष्मी राजवाड़े, दयालदास बघेल और टंकराम वर्मा को लेकर अटकलें चल रही थीं, लेकिन अब ऐसे संकेत दिखाई नहीं दे रहे हैं। ये नाम उन अनुभवी बीजेपी विधायकों के लिए एक बड़ा झटका हैं, जो पिछली सरकारों में मंत्री थे और वर्तमान में बिना किसी पद के हैं। इनमें पूर्व स्पीकर धरमलाल कौशिक, पूर्व वित्त मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व पंचायत और स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर और कई अन्य शामिल हैं। बीजेपी ने स्पष्ट रूप से युवा पीढ़ी को मंत्रिमंडल में बढ़ावा दिया है, जबकि पार्टी के बुजुर्ग नेताओं को निराश किया है।

### एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन, पीएम मोदी बने पहले प्रस्तावक



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। राधाकृष्णन के नामांकन दाखिल के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू और एनडीए के कई बड़े नेता भी मौजूद थे।



## कुल्लू में दूसरे दिन फिर फटा बादल, सैलाब में बह गए वाहन, स्कूलों में छुट्टी का ऐलान

**कुल्लू, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

जिला कुल्लू के लगघाटी के बाद अब पीज की पहाड़ियों में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। देर रात पीज की पहाड़ी में बादल फटने से कुल्लू से दो किलोमीटर दूर शास्त्री नगर नाले में बाढ़ आ गई। नाले में आई आवाज से आपपास के लोग जागे और देखा कि नाले का जलस्तर काफी बढ़ गया। इसकी चपेट में तीन गाड़ियां और दो बाइक आ गईं। इसके साथ ही शास्त्री नगर से गांधी नगर की ओर मलबा आ गया। कुछ दुकानों में मलबा भर गया। रात भर हो रही बारिश से राष्ट्रीय व संपर्क मार्ग बाधित हो गए हैं। जिला प्रशासन ने मनाली और बंजार उपमंडल के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है।कुल्लू मनाली हाइवे भी फिर से अवरुद्ध हो गया है, टकोली और पंडोह से आगे सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हैं। कुल्लू-मंडी मार्ग (कांडी कटोला रूट) भिंडी बाई, रोपा के पास अवरुद्ध है। ओट-लुहरी-सैंज राष्ट्रीय राजमार्ग-305 छोटे वाहनों के लिए बहाल है। आनी-जलोड़ी मार्ग बंद है। इसके अलावा वैकल्पिक मार्ग भी कंडुघाड़ में बाधित है।

जिला प्रशासन ने एहतियात बरतने की सलाह दी है। लोग अनावश्यक यात्रा से बचें और सफर पर निकलने से पहले सड़क की स्थिति की जानकारी हासिल कर लें। उधर सुबह होते ही नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शास्त्री नगर में रात को बादल फटने से मलबा सड़क पर आया है। उन्होंने कहा पहाड़ी पर चिकनई गांव में बादल फटा है। इसी कारण से रात को नाले में बाढ़ आ गई। उन्होंने कहा कि लोग मिट्टी और कूड़ा नाले मे डंप कर रहे हैं और इस वजह से नाला ब्लॉक हो गया।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला, जनसुनवाई के दौरान मचा हड़कंप, हिरासत में आरोपी



**नईदिल्ली, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने हमला किया। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इसकी निंदा की है। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर के अनुसार, जनसुनवाई में शामिल एक युवक कागज लेकर पहुंचा था। उसने सीएम से ऊंची आवाज में अपशब्द बोलते हुए हमला किया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। मामले की जांच चल रही है। कपूर ने कहा हताश पार्टी का कार्यकर्ता हो सकता है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद बताया कि मुख्यमंत्री बैठकर लोगों की शिकायत सुन रही थीं। इसी दौरान हमलावर ने सीएम रेखा गुप्ता का हाथ पकड़कर खींचा, जिससे टेबल लगने से उनके सिर पर चोट लगी। आरोपी ने धक्का-मुक्की भी की। बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावार को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके पीछे क्या साजिश थी वह सामने आएगा। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि जनसुनवाई आगे भी जारी रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीएम आवास पहुंचे हैं। वहीं, उक्त शख्स द्वारा सीएम रेखा गुप्ता को थप्पड़ मारने की बात भी सामने आ रही है लेकिन, इस पर भाजपा का कहना है कि अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधर, पूर्व सीएम आतिशी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट डालते हुए लिखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। आशा है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रेखा गुप्ता पर लगभग 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने हमला किया। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान उसने पहले मुख्यमंत्री को कुछ कागज दिए और फिर कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया।

## नर्स के घर 30 लाख की चोरी अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** जिले की पुलिस ने ऑपरेशन बाज के तहत पृथ्वीग्रीन कॉलोनी में हुई 30 लाख की चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंजीत दिवाकर के रूप में हुई है। वह दरूवनकापा, थाना सरगांव, जिला मुंगेली का रहने वाला है। घटना बीते 27 जुलाई की है। प्रार्थी आयुष राम की पत्नी किरण राम जिला अस्पताल मुंगेली में स्टाफ नर्स हैं। वे पृथ्वीग्रीन कॉलोनी फेस-1 में किराए के मकान में रहते हैं। रात 8 बजे परिवार जिला अस्पताल गया था। अगली सुबह 8.15 बजे जब वे घर लौटे, तो कमरे का ताला टूटा मिला।

चोरों ने आलमारी से मकान बनाने के लिए रखे 24.5 लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। कुल चोरी का मूल्य 29 लाख 80 हजार रुपये था। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले के दो आरोपी फरार चल रहे थे। जिसमें पुलिस ने 19 अगस्त को मंजीत को गिरफ्तार किया।

## दिल्ली के 50 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**नईदिल्ली, 20 अगस्त [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली में बुधवार को फिर 50 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ताजा मामले में ईमेल के जरिए मिली इस धमकी से हड़कंप मच गया।एहतियात के तौर पर आनन-फानन में सभी स्कूल परिसरों को खाली कराया गया। बम की धमकी की सूचना पर जांच के लिए डॉग स्क्वायड, बम डिस्पोजल टीम, दिल्ली पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची है। छात्र-छात्राओं को वापस घर भेजा गया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, खुद को आतंकवादी 111 बताने वाले ग्रुप ने डीएवी पब्लिक स्कूल, फेथ अकादमी, दून पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय और अन्य स्कूलों को ईमेल भेजकर 25,000 डॉलर की मांग की। इसी समूह ने 18 अगस्त को भी कई स्कूलों को बम की धमकी भेजने के बाद कथित तौर पर क्रिप्टोकरेंसी में 5,000 डॉलर की मांग की थी। ईमेल में लिखा था, हमने आपके आईटी सिस्टम में सेंध लगाई है, छात्रों और कर्मचारियों का डाटा निकाला है और सभी सुरक्षा कैमरों को नुकसान पहुंचाया है।

हम आपकी गतिविधियों पर रीयल-टाइम नजर रख रहे हैं। 48 घंटों के भीतर 2000 अमेरिकी डॉलर इथेरियम पते पर ट्रांसफर करें, वरना हम बम विस्फोट कर देंगे। दिल्ली के स्कूलों को बम धमकी मिलने का यह पहला मामला नहीं है बल्कि अब ये आम हो चला है। इससे पहले, सोमवार यानी 18 अगस्त को दिल्ली के 32 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल से मिली थी। ये सभी दक्षिण, दक्षिण पश्चिम और द्वारका जिले के स्कूल थे। कई घंटे तक चली जांच के बाद यह धमकी फर्जी निकली थी।

### मनीषा की मौत पर भिवानी में बवाल

## दिल्ली एम्स में पोस्टमार्टम की मांग पर अड़े ग्रामीण, दो दिन के लिए इंटरनेट बंद



**भिवानी, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

भिवानी के गांव सिंघानी के खेतों में सात दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली शिक्षिका मनीषा का कल भी अंतिम संस्कार नहीं हो सका। ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। सोमवार रात साढ़े 12 बजे प्रशासन और स्वजन की लंबी चली बैठक में संस्कार को लेकर सहमति बन गई थी। लेकिन मंगलवार सुबह स्वजन और ग्रामीण उखड़ गए। ग्रामीण और परिजन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है। मनीषा के शव का भिवानी और रोहतक पीजीआई में पोस्टमार्टम हो चुका है। इनकी रिपोर्ट में जहर(कीटनाशक) से मौत होने और दुष्कर्म न होने की पुष्टि की गई है। जबकी ग्रामीण हत्या की बात पर अड़े हैं। देर शाम गांव में वार्ता को आए एसपी-डीएसपी को भी ग्रामीणों ने गांव में एंट्री नहीं दी और वापस लौटा दिया।

दूसरी ओर सुबह मनीषा के गांव ढाणी लक्ष्मण में पंचायत हुई। पंचायत ने पक्के मोर्चा(बेमियादी धरना) की घोषणा कर दी। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने गांव की ओर जाने वाले सभी रास्तों को पेड़ काटकर और पत्थर डालकर बंद दिया। गांव के हर प्रवेश मार्ग पर युवा और महिलाएं लाठी-डंडे लेकर डटे हैं। मनीषा का शव अभी भिवानी के सिविल अस्पताल में रखी हुई है। मृतका के स्वजन, सर्वखाप और गांव की पंचायत ने केस सीबीआई को सौंपने के अलावा दिल्ली एम्स में फिर से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। हालांकि, सीएम सैनी ने इस बात का एलान कर दिया है कि जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी।इसके अलावा मनीषा के फोन की कॉल डिटेल जारी करने और गांव सिंघानी के जिस कॉलेज में वो दाखिला लेने गई थी उसकी सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की है। वहीं, प्रशासन की ओर से ढाणी लक्ष्मण गांव का स्कूल सुरक्षा के मद्देनजर आगामी आदेशों तक बंद कर दिया है। भिवानी और चरखी दादरी में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं।

प्रदेश गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने ला एंड आर्डर का हवाला देते हुए आदेश दिया कि इन दोनों जिलों में 21 अगस्त की सुबह 11 बजे तक सभी प्रकार की इंटरनेट सेवाएं और बल्क एसएमएस बंद रहेंगे।इसके अलावा, अन्य जिलों से भी पुलिस बल भिवानी में तैनात किया गया है। पानीपत से भी भिवानी के लिए 108 पुलिसकर्मियों की एक कंपनी पहुंची है। दूसरी ओर मामले में प्रदेश में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। कैथल में लोगों ने रोड जाम किया। भिवानी के ढाणी लक्ष्मण गांव की 18 वर्षीय मनीषा आठ किलोमीटर दूर सिंघानी गांव के एक प्ले स्कूल में शिक्षिका थी। वो 11 अगस्त को स्कूल गई थी। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। 13 अगस्त को सिंघानी के खेतों में उसका शव मिला था। मामले में हरियाणा के मुख्यमंत्री सीधे प्रशासन से रिपोर्ट ले रहे हैं। उन्होंने हर हाल में न्याय की बात कही है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायेंः- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## केएमपी एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, ट्रक और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत, 17 घायल



**बहादुरगढ़, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

केएमपी एक्सप्रेस वे पर बहादुरगढ़ के निलौठी गांव के पास मंगलवार रात भीषण हादसा हो गया। ट्रक व पिकअप की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 17 घायल बताए जा रहे हैं। इनमें चार महिलाएं और दो बच्चियां भी हैं। बताया गया कि अधिकतर घायलों को रोहतक रेफर किया गया है। सभी लोग उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी क्षेत्र के बताए जा रहे हैं और महेंद्रगढ़ जा रहे थे। मृतकों की पहचान की जा रही है। केएमपी से कटरा एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज के पास यह घटना हुई। ट्रक और पिकअप दोनों मानेसर की तरफ जा रहे थे। टक्कर लगते ही पिकअप में सवार लोग सड़क पर जा गिरे।वहीं, केएमपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल पहुंचने से पहले चार लोगों की मौत हो गई। पांचवें ने बुधवार सुबह रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया। मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है। वे अभी बहादुरगढ़ नहीं पहुंचे हैं। गंगाजल, राजेश, राधे, मनोज, अंजलि, राजेश शामिल हैं।

### जयपुर-बरेली हाईवे पर बड़ा हादसा: केमिकल टैंकर में लगी भीषण आग, दो दमकलकर्मी झुलसे

**मथुरा 20 अगस्त।** जयपुर-बरेली हाईवे पर बुधवार सुबह साढ़े चार बजे तब अफरा-तफरी मच गई, जब राया की ओर से आ रहा केमिकल से भरा एक टैंकर गांव मनोहरपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटते ही टैंकर में आग भड़क उठी और देखते ही देखते ऊंची लपटें उठनी लगीं। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और रिफाइनरी की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग इतनी विकराल थी कि टैंकर का एक टैंक जोरदार धमाके के साथ फट गया।इस बीच आग बुझाने के प्रयास में जुटे एफएसओ किशन सिंह और फायरमैन शकीरा झुलस गए। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि टैंकर में भरा रसायन आग को और भड़का रहा है। इससे स्थिति पर नियंत्रण पाना बेहद मुश्किल हुआ है। टैंकर में चार टैंक थे, जिनमें से एक फट चुका है, जबकि बाकी टैंकों में भी विस्फोट का खतरा बना हुआ है। पुलिस, दमकल और रिफाइनरी की टीमें लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं।

# पक्के मकान के बारे में कभी सोचा ही नहीं था,बनने के बाद लगता है कि अपना भी एक घर है

## बृजमोहन और उनकी पत्नी इन्जोरा बाई ने पीएम आवास योजना से बनाए पक्के मकान




**कोरबा ।** ग्रामीण बृजमोहन खैरवार का वैसे तो खुद का अपना एक घर था, लेकिन उस घर में सुकून कम परेशानी ज्यादा थी। बृजमोहन को लगता था कि उनकी जिंदगी बस खेती किसानी के कार्यों में उलझ कर गुजर जाएगी और पक्का मकान के लिए कभी पैसा भी जोड़ नहीं पायेगा। जब पैसा ही नहीं होगा तो वह पक्का मकान भला कैसे बनाएगा। इस तरह बृजमोहन की जिंदगी के कई साल ऐसे ही गुजर गए और पक्के मकान का सपना सपना ही बनकर रह गया। इस बीच अपने झोपड़ी को पक्का करने की चर्चा पत्नी और बच्चों के साथ होती भी रहती थी, लेकिन जब पैसे की बात आती तो पक्का मकान का बुना हुआ सपना पल में धराशायी हो जाता था। पीएम आवास योजना में नाम आने के बाद बृजमोहन के सपने को जैसे पंख लग गए। उन्होंने कुछ पैसे का इंतजाम किया और योजना से मिली राशि से अपना घर बनवा लिया। अब गाँव में बृजमोहन का भी पक्का मकान बन गया है और वह अपनी पत्नी इन्जोरा बाई सहित बच्चों के साथ बिना किसी परेशानी का निवास कर पा रहा है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जटगा में निवास करने वाले बृजमोहन खैरवार ने बताया कि वह वर्षो से झोपड़ी में निवास करता है। समय के साथ झोपड़ी जर्जर हो जाने और बारिश के दिनों में उन्हें हर साल परेशानी उठानी पड़ती थी। उन्हें मरम्मत के लिए अनावश्यक पैसे खर्च भी करने पड़ते थे। उन्होंने बताया कि उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि घर को पक्का बना सके। परिवार के लोगों की इच्छा थी कि घर पक्का बन जाए, लेकिन पैसे का इंतजाम नहीं हो पाने से उनकी इच्छाएं अधूरी ही रह जाती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के पश्चात उन्होंने कुछ रुपये का इंतजाम किया और अपना मकान बनवा लिया है। उन्होंने बताया कि अब सिर्फ प्लास्टर का कार्य बचा है और आने वाले दिनों में इसे भी पूर्ण कर लेगा। हितग्राही बृजमोहन खैरवार ने अपना स्वयं का पक्का मकान बन जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि पीएम आवास योजना में नाम आया। हम सभी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के आभारी है कि हमारा नाम चयन कर राशि प्रदान की।

# रजत जयंती वर्ष मनाने निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें विभाग : कलेक्टर



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसन्त ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक माह से अधिक समय के लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और विभागों को दिए गए निर्देशों के तहत आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सभी विभागों के लिए कैलेण्डर निर्धारित कर कार्यक्रम का आयोजन के निर्देश दिए गये हैं। कलेक्टर ने कोरबा जिले में रजत जयंती वर्ष के दौरान कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों का आयोजन करते हुए व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री वसन्त ने अटल डिजिटल डैशबोर्ड के अंतर्गत शामिल विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कम केपीआई वाले विभागों को महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, पीएमजीएसवाय, आबकारी, व्यापार एवं उद्योग, श्रम, नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य विभाग, क्रेडा के अधिकारियों को केपीआई के इंडिकेटर्स को ध्यान रखकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग दिए गए डाटा का परीक्षण कर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और प्रगति लाने का कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विभिन्न पंचायतों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में खाद्यान्न में गबन करने वाले समूह तथा संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए राशि वसूली करने अथवा कुर्की की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश एसडीएम को दिए।कलेक्टर श्री वसन्त ने समय सीमा की बैठक में लोक सेवा क्रेंद्र अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश देते हुए आवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण निरस्त नहीं करने और आवेदन को वापस नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाप्रबंधक उद्योग विभाग को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों का चयन गुणवत्ता के साथ करते हुए प्रकरणों की स्वीकृति और वितरण में प्रगति लाएं। कलेक्टर ने नगरीय निकाय अंतर्गत आबंटन राशि प्राप्त होने पर संबधित कार्य में राशि व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को पीएम जनमन अंतर्गत कार्यों, अन्य निर्माण कर्यों में प्रगति लाने, भुगतान समय पर करने के संबंध में निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागों को ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस शनिवार को बाल सम्प्रेक्षण गृह के नये भवन में बच्चों को शिफ्ट कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ को दिए। कलेक्टर ने बचे हुए लोगों के आयुष्मान-वयवंदन कार्ड व आधार अपडेशन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षिका निवास निर्माण के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करने, इलेक्ट्रनिक आटो के लिए अलग से स्टैण्ड बनाने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, एसडीएम कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले (प्रशिक्षु आईएएस), सहित सभी एसडीएम, जिला अधिकारी और सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन, विवादित, अविवादित नामान्तरण-बंटवारा में प्रगति लाएं कलेक्टर ने की राजस्व विभाग की समीक्षाकलेक्टर श्री अजीत वसंत ने राजस्व विभग के कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अविवादित, विवादित नामान्तरण, बंटवारा, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, ई-कोर्ट, राजस्व न्यालय के लंबित प्रकरण, त्रृटि सुधार, नक्शा बटांकन, फौती नामान्तरण, डिजीटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टि, किसान किताब, मसाहती ग्राम की स्थिति एवं प्रकाशन, गिरदावरी, फर्ड्मर रजिस्ट्रेशन, वन अधिकार पट्टा सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विवादित और अविवादित नामान्तरण, खाता विभाजन अंतर्गत प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्रृटि सुधार के प्रकरणों को तहसील एवं एसडीएम न्यायालय में दर्ज कर समय पर प्रकरणों के निराकरण करने, आगामी 15 दिवस तक नक्शा बटांकन और फौती नामान्तरण के कार्य को प्राथमिकता में रखकर में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान पंजीयन अंतर्गत खरीफ वर्ष में किसानों के पंजीयन के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने तीन से पांच वर्ष पुराने प्रकरणों पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुए तीन सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों की संख्या शून्य करने के निर्देश दिए।

## कोरबा जिले में पर्पल फेयर का भव्य आयोजन - दिव्यांगजन हेतु दिव्यांगजन द्वारा

**कोरबा ।** दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समिति, समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सी.आर.सी.), ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से पर्पल फेयर का आयोजन दिनांक 23 अगस्त शनिवार को प्रात: 10:00 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन सीनियर क्लब सी.एस.ई.बी. फुटबॉल मैदान कोरबा में संपन्न होगा।इस मेले का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को अपने कौशल एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने, कौशल विकास के अवसर प्राप्त करने तथा विभिन्न हितधारकों से जुड़ने का एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि सामाजिक समावेशिता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियाँ -दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला, सहायक उपकरणों का वितरण,सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, दिव्यांग कला गैलरी, प्रतिभा प्रदर्शन हेतु खुला मंच, संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी, भोजन स्टॉल, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम, आकर्षक पुरस्कार, अन्य कई गतिविधियाँ - दिव्यांगों के लिए, दिव्यांगों द्वारा

इस अवसर पर अनेक सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थान एवं हितधारक सम्मिलित होंगे।

# "मेरा रेशम मेरा अभिमान" अभियान अंतर्गत सलोरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा ।** मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत केन्द्रीय रेशम बोर्ड - रेशम तकनीकी सेवा केंद्र (सीएसबी-एसटीएससी), बिलासपुर द्वारा सोमवार 18 अगस्त को ग्राम सलोरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें अधिकांश महिलाएँ थीं। कार्यक्रम में श्री बी.एस. भंडारी, सहायक संचालक, रेशम, कोरबा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रतिभागियों को नई तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा विभाग द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस तसर रेशम धागा निर्माण एवं गुणवत्ता सुधार पर रहा।

कार्यक्रम में श्री अशोक कुमार वैज्ञानिक-बी ने प्रतिभागियों को कोकून की खरीद, ग्रेडिंग, भंडारण, छंटाई, कोसा उबालने, रीलिंग तथा कताई के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। डॉ. हेमलाल साहू, वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने सिल्क समग्र-2 योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार (80:10) के सहयोग से 90 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस योजना का लाभ उठाने तथा केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा विकसित नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर बुनियाद रीलिंग मशीन एवं मोटराइज्ड स्पिनिंग मशीन का व्यवहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाई तथा बताई गई तकनीकों एवं तरीकों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जंयती पर कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा ।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव एवं मनोज चैहान ने बताया कि टी पी नगर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के प्रतिमा स्थल पर राजीव जी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जावेगा । अध्यक्ष द्वय ने बताया कि दिनांक 20 अगस्त, दिन बुधवार को प्रात: 11 बजे, जयंती कार्यक्रम का आयोजन होगा । जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, ब्लॉक, मंडल, वार्ड, बूथ कांग्रेस कमेटी, इंटक, पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी सहित कांग्रेस विभाग, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया गया है।

## सफाई कर्मियों व दीदियों को भी मिला विशेष सम्मान

**कोरबा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में कोरबा नगर पालिका निगम ने पूरे देश में 8वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता व्यवस्था में समर्पण भाव से कार्य करने वाले 4 सफाई कर्मियों और 3 सफाई दीदियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।स्वच्छ कोरबा, स्वस्थ कोरबा का संकल्पसमारोह में वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ कोरबा, स्वस्थ कोरबा का लक्ष्य तभी साकार होगा जब हर नागरिक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने साफ-सफाई के प्रति जागरूकता को नागरिक जिम्मेदारी बताते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।आयुक्त ने जताया गर्वविशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ निगम की नहीं बल्कि सभी कोरबावासियों की मेहनत और टीमवर्क का परिणाम है।

# पार्सल बेचने पर वन नाईट क्लब,पर आबकारी विभाग ने ठोका 25 हजार का जुर्माना

**कोरबा।** जिले में संचालित शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार, एफ.एल.-3(क), वन नाईट क्लब, टी.पी.नगर कोरबा में दिनांक 21.07.2025 को प्रभारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, वृत्त-कोरबा शहर द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बार के उपस्थित अभिकर्ता द्वारा 02 बोतल (650 मि.ली.) बडवाइजर मेग्नम बियर को पार्सल के रूप में विक्रय किये जाने के कारण एफ.एल. 3क शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति के लायसेंस शर्त क्रमांक 03 का उल्लंघन करते पाये जाने पर विभाग द्वारा विभागीय प्रकरण कायम किया गया, जिस पर कलेक्टर द्वारा राशि रूपये 25 हजार का शास्ति अधिरोपित किया गया है।

कोरबा कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने अवैध शराब पर सघन एवं सख्त कार्यवाही करने आबकारी विभाग को निर्देशित किया है। सहायक आयुक्त आबकारी, श्रीमती आशा सिंह ने जिले में पदस्थ अमले को लगातार कार्यवाही कर अधिकाधिक मात्रा में अवैध शराब जप्त करने टीम का गठन किया है।

माह अगस्त, 2025 में 17 अगस्त तक 86 आपराधिक प्रकरण जिले में दर्ज किये गये है जिसमें लगभग 180.55 लीटर अवैध शराब और 100 किलो शराब बनाने का लाहन छापामार कर जप्त किया गया है। 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत् अजमानतीय अपराध दर्ज कर न्यायालय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल, 2025 से 17 अगस्त 2025 तक 714 आपराधिक प्रकरण जिले में दर्ज किये गये है जिसमें लगभग 3230.94 लीटर अवैध शराब और 12 हजार 890 किलो शराब बनाने का लाहन छापामार कर जप्त किया गया है। 111 आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत् अजमानतीय अपराध दर्ज कर न्यायालय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इन आपराधिक प्रकरणों में शराब का बाजार मूल्य लगभग तेरह लाख रूपये आंका गया है। साथ ही 4.200 किलोग्राम गांजा मूल्य सत्तावन हजार रूपये जप्त कर दो आरोपियों को एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत् जेल भेजा गया है।

उल्लेखनिय है कि छत्तीसगढ़ में 5 लीटर से अधिक मात्रा में अवैध शराब धारण, निर्माण, बिक्री या परिवहन दण्डनीय और अजमानतीय अपराध है, इसमें आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर विवेचना उपरान्त प्रकरण का अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। इसमें एक वर्ष से तीन वर्ष तक का कारावास और पच्चीस हजार रूपये से एक लाख रूपये तक के जुर्माने के दण्ड का प्रावधान है। आरोपी के दूसरी बार दोषसिद्ध पाये जाने पर कारावास की अवधि दो वर्ष से पांच वर्ष और जुर्माना पचास हजार से दो लाख रूपये तक लिए जाने का प्रावधान है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष 2025-26 अंतर्गत बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण तैयार करने बालिका सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजित वसंत के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेनु प्रकाश द्वारा बताया गया की रजत जयंती वर्ष अंतर्गत विभाग में संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है। इस हेतु आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-खेल में पोषण, कुपोषण से निजात हेतु समुदाय आधारित कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन पंजीयन अभियान, वजन त्यौहार में समुदाय की भूमिका, जागृति शिविर आयोजन, बाल विवाह मुक्त छ.ग. अभियान, पाक्सो अधिनियम (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम), पोषण भी पढ़ाई भी अभियान, महतारी वंदन योजनान्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, किशोरी सशक्तिकरण, साईबर सुरक्षा, स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, जेन्डर एवं लैंगिक समानता, गैर संस्थागत देखरेख अंतर्गत स्पॉन्सरशीप, फॉस्टर केयर, दत्तक ग्रहण विनियम का प्रचार-प्रसार किया जाना है।

राज्य में मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारम्भ किया गया है, वर्ष 2025-26 में 40 प्रतिशत ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त किया जाना है। 21 मार्च 2029 को पूर्णत: बाल विवाह मुक्त किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

एन.एफ.एच.एस.-5 आकड़ों के अनुसार बालिकाओं के प्रति हिंसा व शोषण की घटनायें चिन्ता का विषय बनी हुई है, बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा तथा उनके लिए एक सुरक्षित एवं समर्थ वातावरण सुनिश्चित करना आज अत्यन्त आवश्यक है। बालकों के सर्वोत्तम सुरक्षा के लिए व्यापक अभियान की आवश्यकता है, इस हेतु बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन, महाविद्यालय, आंगनबाड़ी स्तर, ग्राम पंचायत स्तर पर बालिका सुरक्षा के मुद्दों पर जन-जागरूकता बढ़ाना, बाल विवाह निषेध, यौन हिंसा की रोकथाम आदि विषयों पर सामुदियक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना है। इस दौरान स्कूल स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों का प्रचार-प्रसार, कानूनी अधिकारों, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन, 181 महिला हेल्पलॉईन, 112 आपात सेवा की जानकारी दिया जा रहा है। उक्त प्रचार-प्रसार का कार्य सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर किया जा रहा है। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्र्ड हेल्प लाईन, मिशन शक्ति, एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सेक्टर पर्यवेक्षकों द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# आयुक्त ने सुभाष चौक स्थित फलोद्यान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत निहारिका सुभाष चौक स्थित उजाड़ पड़े फलोद्यान स्थल को विकसित व सुरक्षित किया जाएगा, साथ ही वहाँ पर सुभाष चौक निहारिका घंटाघर क्षेत्र में पार्किंग स्थल फुटपाथ पर अनियंत्रित रूप से लगने वाले फल आदि के ठेलों को विस्थापित व व्यवस्थित किया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्थल का निरीक्षण कर उक्त संबंध में तत्काल कार्यवाही करने एवं प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।आयुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों का दौरा किया, इस दौरान वे सुभाष चौक स्थित फलोद्यान पहुंचे। यहाँ उल्लेखनीय है कि फलोद्यान स्थल वर्तमान में उजाड़ पड़ा हुआ है तथा वहाँ पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण की संभावना बनी रहती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल निरीक्षण के पश्चात उक्त सम्पूर्ण फलोद्यान स्थल को प्रीकास्ट बाउण्ड्रीवाल के माध्यम से सुरक्षित करने एवं स्थल को आवश्यकतानुसार विकसित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा इस संबंध में शीघ्र आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सुभाष चौक निहारिका क्षेत्र व घंटाघर क्षेत्र में फुटपाथ व पार्किंग पर अनियंत्रित रूप से फल ठेले आदि लग रहे हैं, जिनके कारण वाहनों को पार्क करने व आवागमन करने में आमजन को असुविधा होती है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने फलोद्यान स्थल को विकसित कर उक्त क्षेत्र में अनियंत्रित रूप से लगने वाले फल ठेलों को वहाँ पर विस्थापित व व्यवस्थित किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

फलोद्यान के आगे पूर्व में वर्किंग वूमेन हास्टल का निर्माण कराया गया था, किन्तु मुख्य मार्ग से हास्टल तक जाने के लिए सड़क का अभी अभाव है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने हास्टल तक पहुंचने हेतु सड़क का निर्माण करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी इस मौके पर अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान श्री पाण्डेय ने निहारिका घंटाघर मार्ग स्थित स्मृति उद्यान का निरीक्षण किया। स्मृति उद्यान में प्रात: भ्रमण के लिए आए हुए नागरिकों ने बताया कि उद्यान में स्थापित किए गए ओपनजिम के उपकरण मरम्मत योग्य हैं, उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपकरणों की मरम्मत करने के साथ ही उद्यान में लगाए गए बच्चों के झूले व खेलकुद के अन्य उपकरणों की तत्काल मरम्मत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, सुखद पहलू यह रहा कि आयुक्त श्री पाण्डेय के वहाँ से निकलते ही उपकरणों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्मृति उद्यान में स्थित बंद पड़े फब्बारों को पुन: चालू किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियो को दिए।

# जिले में मनाया गया फोटोग्राफी दिवस



**कोरबा।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर कोरबा के फोटोग्राफरों ने एक यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शहर के कई फोटोग्राफरों ने अपने स्व विचारों से आज के नवीनतम फोटोग्राफी से संबंधित जानकारी प्रदान की और समाज और देश के लिए उसकी आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया।कार्यक्रम में मदन मोहन साहू, लक्ष्मी राठौर, धनंजय जायसवाल, अशोक साहू, वासुदेव साहू, अमित अग्रवाल, दूजे कुमार, प्रकाश अग्रहरि, रोशन अग्रहरि, रवि साहू, जय किशन, समीर, मयंक नायक, नीरज मिश्रा, अजय घसिया और अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर सभी फोटोग्राफरों ने केक काटकर और रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर इस विशेष दिन को यादगार बना दिया। साथ ही, सभी ने अपने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कोरबा फोटोग्राफर संघ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

# सड़क पर फैली निर्माण सामग्री पर निगम ने लगाया अर्थदण्ड

**कोरबा ।** सड़क पर गिट्टी, रेत, ईंट आदि निर्माण सामग्री डम्प करने पर एम.पी. नगर मुख्य मार्ग पर स्थित गायत्री ट्रेडर्स पर निगम ने 2500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, वहीं डॉ. हरीश नायक क्लीनिक के सामने गंदगी बिखरी होने एवं सार्वजनिक स्थान सड़क में कचरा डालने पर भी निगम द्वारा 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों तथा अन्य स्थानों में गंदगी करने व सड़क पर निर्माण सामग्री डम्प करने वालों पर निरंतर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी उप जोन प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता ने बताया कि महाराणा प्रताप नगर मुख्य मार्ग पर स्थित गायत्री ट्रेडर्स के द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाकर रखी गई थी, जिस पर निगम ने कार्यवाही करते हुए उन पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा कड़ी हिदायत दी कि वे पुन: सड़क व सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री डम्प न करें, अन्यथा अर्थदण्ड के साथ-साथ सामग्री को जप्त करने की कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होने बताया कि निहारिका क्षेत्र स्थित डॉ. हरीश नायक क्लीनिक के सामने सड़क पर कचरा डाला गया था तथा गंदगी फैलाई गई थी, इस पर भी निगम अमले ने कार्यवाही की तथा 1000 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने पुन: अपील करते हुए कहा है कि सड़क के किनारे व सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री डम्प न करें, इससे आवागमन बाधित होता है, आमनागरिकों को परेशानी होती है, वहीं सड़क व सार्वजनिक स्थल पर कचरा डालने, गंदगी करने पर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था व शहर की स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इस दिशा में निगम अमले द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है तथा इस पर अर्थदण्ड की कार्यवाही हो रही है, अत: असुविधा से बचने के लिए सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थल पर कचरा न डालें, वहीं सड़क व सार्वजनिक स्थान पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व निर्माण सामग्री आदि डम्प न करें।

## सम्मानित हुए बाह्मण समाज के प्रतिभावान बच्चे

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ब्राम्हण समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया तथा उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें और अधिक परिश्रम करने, अपनी प्रतिभा को सही मार्ग व दिशा देने एवं शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों, विधाओं में भी ज्ञान अर्जित करने एवं अपनी प्रतिभा को निखारने हेतु उनका मार्गदर्शन किया।सर्वब्राम्हण समाज कोरबा द्वारा 18 अगस्त सोमवार को कोरबा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप स्थित ब्रम्हवाटिका में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया, इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी.उपाध्याय भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह के दौरान समाज के ऐसे बच्चों जिन्होने वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं, 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए एवं वर्ष 2024 एवं 2025 में पी.एस.सी., आई.आई.टी., आई.आई.एम. तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हुए, को सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह में इन प्रतिभावान बच्चों के माता-पिता, अभिभावकगण भी पहुंचे थे, उन्हें भी शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# लाखों की लागत से बने अटल व्यावसायिक परिसर का उपयोग नहीं

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर व सक्ती जिला के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से बने अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने पंचायतों में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है, लेकिन कई स्थानों पर दुकाने पड़े पड़े कबाड़ हो रही हैं। कई गांव में आबंटन का पेंच फंसा होने के कारण दुकाने बंद पड़ी हैं। वहीं बहुत से ऐसे भी दुकान हैं, जिनका आबंटन होने के बाद भी उपयोग नहीं किया जा रहा। गांव के बेरोजगारों को ग्रामीण स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने करोड़ों रुपए की लागत से अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, लेकिन इन परिसरों का उपयोग सालों बाद भी नहीं हो पा रहा है। इस तरह की स्थिति बहुत से ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रही है। बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमरीद मे 8 लाख की लागत से पांच अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, ताकि गांव के शिक्षित युवा बेरोजगार मोबाइल कंप्यूटर किराना दुकान पान दुकान एवं अन्य संस्थानों का संचालन कर सके, लेकिन दुकानों में ताला लटका हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिसौद में बना अटल व्यवसायिक परिसर खाली पड़ा हुआ है। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर में 5 लाख की लागत से बने कॉम्पलेक्स की अधिकांश दुकाने बंद हैं। यहां के व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा है, जबकि गांव में शिक्षित युवा बेरोजगारों की कोई कमी नहीं है। ग्राम पंचायत तालदेवरी में भी अटल व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत बसुला और लखुरी में भी अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो राज्य शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवा बेरोजगार गांव स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लाखों रुपए खर्च किये गए हैं,लेकिन योजना का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों में नजर नहीं आ रहा है। कई जगहों पर अब तक नहीं हो पाया आबंटन-अटल व्यवसायिक परिसर के उपयोग नहीं होने का सबसे प्रमुख कारण आवंटन में गड़बड़ी को माना जा रहा है। कई पंचायतो में आपसी खिंचतान और विवाद के चक्कर में आवंटन पर पेंच फंसा हुआ है। वहीं कई जगह पर ऐसे लोगो के नाम पर आवंटन हो गया है, जो दुकान चलाने में रूचि नहीं ले रहे। ग्राम पंचायत कमरीद में दुकानों का आवंटन नहीं हो पाया है। इसी प्रकार बंसुला, पिसौद, बोरसी, सेमरिया में भी दुकानें बनाई गई है।

## वार्ड क्रमांक 17 में भागवत कथा का शुभारंभ आज होगा

**जांजगीर।** रोहिदास गली वार्ड 17 में 20 से 28 अगस्त तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संकीर्तन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा पंडित रामविलास उपाध्याय सुनाएंगे। कथा प्रतिदिन सुबह 8 बजे और शाम 3 बजे से कथा प्रारंभ होगी। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र जैसे प्रसंग होंगे। आयोजन में विनोद उपाध्याय और कैलाश व्यास की अहम भूमिका है। 28 अगस्त को ब्राह्मण भोजन व वार्षिक श्राद्ध का आयोजन होगा।

# सरकारी एवं निजी अस्पतालों के डॉक्टर लिख रहे जेनेरिक की जगह ब्रांडेड दवा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों के लिए जेनेरिक दवा लिखने के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे। ऐसे में मजबूरन मरीज एवं उनके परिजनों को अधिक दामों में दवाई खरीदने की मजबूरी बनी हुई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर श्री धन्वंतरि जनरल मेडिकल स्टोर्स की शुरूआत की जा चुकी है।



गौरतलब है कि जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर अस्पताल में उपचार कराने वाले मरीजों के लिए सस्ती जेनेरिक दवा के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं। ऐसे में मध्यम एवं गरीब वर्ग से आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों के लिए महंगे दामों में ब्रांडेड दवा खरीदना मुश्किल हो जाता है। राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोगों को सस्ते दामों में जेनेरिक दवा प्राप्त हो सके इसके लिए जिले के चार नगर पालिका एवं 11 नगर पंचायतों में श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर की शुरुआत की गई है। इस मेडिकल स्टोर खोलने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को कम दामों में सस्ती दवा उपलब्ध करानी है, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों का

उपचार करने वाले डॉक्टर ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं, जबकि शासन के आदेश के मुताबिक मरीज एवं उनके परिजनों के लिए जेनेरिक दवा लिखा जाना है, लेकिन इस आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इसका लाभ मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित चांपा, सक्ती, अकलतरा, बलौदा, मालखरौदा, बाराद्वार सहित अन्य क्षेत्रों में जेनेरिक दवा दुकान खोला गया है, लेकिन जानकारी एवं डॉक्टरों की लापरवाही के कारण इसका लाभ जरूरतमंद मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा है। जांजगीर, अकलतरा, सक्ती, बाराद्वार चांपा आदि क्षेत्रों में सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों का उपचार करते हैं, लेकिन वे मरीजों के लिए ब्रांडेड दवा लिख देते है, जिसका लाभ मेडिकल दुकान संचालक एवं डॉक्टरों को होता है, लेकिन मरीज इससे महरूम रह जाते हैं। जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज उपचार कराने के लिए डॉक्टर के मास जाते हैं लेकिन वह जेनेरिक दवा नहीं लिखते हैं।

मेडिकल एवं जेनेरिक दवा के दामों में अंतर

जिले में 800 से अधिक मेडिकल दुकान संचालित है वहीं जेनेरिक दवा दुकानों की संख्या 15 है। मेडिकल एवं जेनेरिक दवा के दामों में काफी अंतर रहता है। मेडिकल में जहां पेरासिटामोल टेबलेट की कीमत 10 रुपया 20 पैसा है जबकि जेनेरिक दवा की कीमत 3 रुपया 9 पैसा है। इसी प्रकार निमो स्लाइड की कीमत मेडिकल स्टोर में 10 रुपया 50 पैसा है वहीं जेनेरिक दवा दुकान में इस दवा की कीमत साथ रुपया 50 पैसा है। डस्टिंग पाउंडर मेडिकल में 116 रुपया है जबकि जेनेरिक दवा दुकान में इसकी कीमत रुपया 8 पैसा है, सेंट्रिजीन 18 रुपया 48 पैसा वहीं जेनेरिक में सात रुपया वो पैसा है। मल्टीविटामिन सिरप की कीमत मेडिकल 169 रुपया है जबकि धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में इस दवा की कीमत 64 रुपया 22 पैसा, डाइक्लोविन प्लस मेडिकल में रुपया 105 रूपया तो वही जेनेरिक दवा की कीमत 39 रुपया 90 पैसा है। सिनो खत्लोरीन मेडिकल स्टोर में 39 रुपया 75 पैसा तो जेनेरिक दवा की कीमत 15 रूपया 11 पैसे है।

## जिले में बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाएं, बेबस पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** जिले में चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। कोई पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी कर हमला कर रहा है तो कोई मामूली विवाद में बदले की भावना से चाकू चला रहा है। 15 अगस्त के बीच दो बड़ी घटनाएं हो चुकी। जिसमें चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले जेल भेजे गए। पहला मामला सारागांव थाना क्षेत्र के अफरीद में सामने आया जिसमें स्कूल में हुए विवाद के बाद गढ़पारा में दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद चाकू भी चली। जिसमें पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपी में साहिल उर्फ अक्की पटेल को चाकू समेत गिरफ्तार किया है। उसने एक नाबालिग पर जानलेवा हमला कर दिया था। इसी तरह अकलतरा में सिघानिया पेट्रोल पंप के पास ठेला में सिगरेट लेने के लिए गए और वहीं पर बाइक खड़ी कर उसमे बैठकर सिगरेट पीने लगे। उसी समय आरोपियों द्वारा वाहन पर क्यों बैठे हो कहकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने के नियत से चाकू से पेट में। दिए। जिससे तिलेश्वर भैना के पेट में गंभीर चोट लगी और वह बेहोश होकर गिर गया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में प्रभात यादव ऊर्फ भोलु, गब्बर ऊर्फ सुमीत चौहान, संजीव कुमार ऊर्फ चीकू को पकड़ा। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## 6 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जुआ खेलने वाले 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी 5200 रुपए एवं 52 पत्ती ताश, 2 नग मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन में जिले में जुआ-सट्टा खेलाने एवं खेलने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़ के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर ग्राम गोधना में रेड मारी गई। 6 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा गया। जिसको विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ छगं जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई। जुआरियों में प्रदीप साहू (46) निवासी गोधना, अरुण चौहान निवासी गोधना, भरत लाल साहू निवासी गोधना, गणेश राम कुर्रे गोधना, जितेंद्र साहू गोधना, छोटेलाल काटले निवासी गोधना सभी थाना नवागढ़ शामिल है।

## लापता किशोर की तलाश जारी

**जांजगीर नैला।** शहर के प्रेम कश्यप पिता दिलहरण कश्यप उर्फ ननकी दाऊ निवासी वार्ड 4 नैला जिला-जांजगीर-चाम्पा पुरानी बस्ती नैला का है। जो 13 अगस्त से लापता है।



लापता प्रेम कश्यप जिसका उम्र 15 वर्ष है जो मांनसिक दिव्यांग है वह बुधवार 13 अगस्त शाम 6 बजे से नैला बुधवारी बाजार से कहीं चला गया है और उनकी खोज विभिन्न क्षेत्रों में तालाश कर किया जा रहा है। उसकी गुम होने की रिपोर्ट नैला चौकी (थाना जांजगीर) में भी कराया जा चुका है। चूंकि वह बालक मानसिक दिव्यांग है बोल-चाल ठीक से नहीं पाता है। जिसके कारण वह कही आस-पास में नहीं मिल रहा है। वह अपने घर का भी पता नहीं बता सकता। विगत 6 दिनों से पुत्र प्रेम कश्यप की तालाश की जा रही है किंतु कहीं भी पता नहीं चल रहा है अपितु आप जिस किसी भी लोगों को पता चले निम्न पते पर
दिलहरण कश्यप उर्फ ननकीदाउ वार्ड नं.04 नैला बैगापारा पुरानी बस्ती नैला मो.नं.-9630756650 में खबर करने की कृपा करेंगे। खबर देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

## चयन परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**जांजगीर।** सक्ती जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा हसौद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश चयन परीक्षा-2026 के माध्यम से होगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त तक बढ़ा दी की गई है। चयन परीक्षा 13 दिसम्बर की सुबह 11.30 बजे आयोजित की जाएगी।

# ट्रक चालक से लूटपाट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**अकलतरा।** नेशनल हाईवे रोड तरौद चौक में ट्रक ड्रायवर से लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अकलतरा के तरौद चौक का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज तिवारी निवासी अहिवारा नंदनी खुदनी थाना नंदनी जिला दुग. के द्वारा 14 जुलाई को जे. के. लक्ष्मीन सीमेट फैक्ट्री अहिवारा जिला %दुर्ग से ट्रक कमांक सीजी 04 एच.डब्ल्यु 6317 में सीमेंट लोड करके चांपा के लिये अपने हेल्फर नारायण पटेल के साथ गाडी लेकर निकला था।

लगभग 5 बजे सुबह तरौद चौक अकलतरा नेशनल हाइवे पर पहुंचकर चांपा जाने के रास्ता पूछने के लिये गाडी को खड़ी किया, उसी समय मोटरसाइकिल में सवार होकर चार युवक आए एवं गाडी के केबिन के ऊपर जबरदस्ती चढ़कर ड्राइवर एवं हेल्पर से मारपीट करते हुये पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर एक व्यक्ति अपने हाथ मे रखे चाकू से मारने लगा। पेट के दाहिने तरफ चोट लगा व ट्रक के केबिन ऊपर पर्स रखा हुआ था जिसमे नगदी रकम 5 हजार रूपये को लूट कर ले गये। घटना रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर धारा 309(4),3(5) बीएनएस के अंतर्गत विवेचना में लिया गया था। पूर्व में आरोपी निखील उर्फ रिंकू मरावी एवं रंजनीकांत खाण्डेकर के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है, एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। प्रकरण के अन्य आरोपी विकाश उर्फ छोटा पटेल निवासी जयरामनगर जो घटना घटित कर फरार था। जिसे मंगलवार 19 अगस्त को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पिपरदा क्षेत्र में पुलिस ने की 8 ट्रेलर चालकों पर बड़ी कार्रवाई

**बम्हनीडीह ।** ग्राम पिपरदा में निजी जमीन पर राखड़ डंपिंग का काम पिछले कई महीनों से चल रहा है। इस डंपिंग कार्य के चलते प्रतिदिन 40 से 50 ट्रेलर सड़क किनारे खड़े रहते हैं। अव्यवस्थित पार्किंग और मुख्य मार्ग पर ट्रेलर खड़े होने से ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पोशानी का सामान पुलिस ने मौके पर पेट्रोलिंग के दौरान ट्रेलरों को लापरवाहीपूर्वक सड़क पर खड़ा पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की और आरोपी चालक सहित आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज की। जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर त्वरित कार्रवाई की। ट्रेलर चालक गुरमीत सिंह और उसके साथ 7 ट्रेलर मौके पर ही जब्त किया गया। आरोपी र चालक और गवाहों को साथ लेकर पुलिस वापस थाना पहुंची। जांच में पाया गया कि आरोपी का यह कृत्य धारा 285 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निजी जमीन मालिक ने केवल अपने फायदे के लिए यह राखड़ डपिंग शुरू की है।इसके चलते बड़ी संख्या में ट्रेलर रोजाना सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इस कारण बच्चों की स्कूल बसें समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं।

**आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

पुलिस ने इस मामले में केवल वाहन चालक ही नहीं बल्कि राखड़ डंपिंग और अव्यवस्थित पार्किंग से जुड़े अन्य लोगों को भी जिम्मेदार माना है। जिनके नाम एफआईआर में दर्ज किए गए हैं उनमें गुरमित सिंह, दिलीप कुमार मेहता, मोहम्मद अमीम अंसारी, मनिन्दर सिंह, गुरदेव सिंह, जय प्रकाश कुमार मेहता, कुंभकरण केंवट और देवेंद्र सल्लाम शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इन सभी के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी और मामले की विवेचना जारी है।

## स्कूटर से गांजे की तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

**बाराद्वार।** बाराद्वार बाराद्वार पुलिस ने 17 अगस्त को ग्राम सकरेली में ओवरब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग के दौरान पांच किलो गांजे के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पुलिस को एक बाइक में सवार तीन युवकों पर संदेह हुआ। जब पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 5 किलो गांजा बरामद किया गया।

पुलिस ने गांजा जब्त करते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लूकेश साव निवासी ग्राम मालदा थाना पुसौर जिला रायगढ़, डेविड सिदार निवासी ग्राम सरहर थाना बाराद्वार और दीपक चंद्रा निवासी ग्राम तुषार थाना जैजैपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से स्कूटर और मोटरसाइकिल भी जब्त की है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



गांजा तस्करी के आरोपी।

# जय भारत पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी का त्योहार

**जांजगीर नैला।** हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल व चंदा गट्टानी मेमोरियल जयभारत पब्लिक स्कूल में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी ,संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी ,प्रबंध समिति के सदस्य श्रीमती गंगा गट्टानी, श्रीमती सुनीता गट्टानी,कृष्णा व हर्ष गट्टानी ,विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धनजल और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा और स्वतंत्रता सेनानियों की चित्र पर माल्यार्पण व तिलक कर की गई। विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के उपरांत विशेष परेड का आयोजन कर विद्यालय परिषद के सदस्यों द्वारा सलामी दी गई।



विद्यालय के अध्यक्ष ने आजादी के जश्न का महत्व बताते हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी उनके कुर्बानियों को याद किया । छात्र-छात्राओं से देश के प्रति ईमानदारी से कर्तव्य निभाने का आह्वान किया गया। बच्चों ने इस पर्व पर कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए उन्होंने देशभक्ति गीत ,भाषण व नृत्य प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना को जागृत किया ।हाथों में तिरंगा लिए बच्चों के चेहरे पर देशभक्ति का भाव स्पष्ट झलक रहा था ।छोटे-छोटे बच्चों द्वारा देश के लिए शहीद हुए वीरों की स्मृति में उनकी पोशाक पहनकर उनके गौरव को दर्शाते नजर आ रहे थे , विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धनजल ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद दिलाते हुए कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस हमें न केवल जश्न मनाने का अवसर देता है, बल्कि यह हमें अपने कर्तव्य को याद करने देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का भी अवसर देता है । विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों ने भी स्वतंत्रता दिवस की इस पावन बेला पर अपने विचार साझा किए वहीं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व कृष्ण जन्माष्टमी 14 /08/ 25 स्कूल हरिराम गट्टानी व 17/08/25 को चंदा गट्टानीमेमोरियल जयभारत पब्लिक स्कूल में बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाई गई ।स्कूल को फूलों ,वंदनवार व झांकियां से सजाया गया था।

बच्चों ने दही हांडी व माखन चोरी के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया यह कार्यक्रम इंटर हाउस दही हांडी प्रतियोगिता के रूप में आयोजित की गई, जिसमें दया, क्षमा ,शांति सत्या के छात्र व छात्राओं ने अपने हाउस के अनुसार दही हांडी कार्यक्रम में मटका फोड़ कर अपने उत्साह का प्रदर्शन किया ।कृष्ण -राधा की वेशभूषा में बच्चे व माता यशोदा की वेशभूषा में माताएं काफी उत्साहित नजर आ रहे थे ,कृष्ण जी की जीवन लीला से जुड़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इन प्रस्तुतियों में जन्माष्टमी से जुड़ी समूह सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया पूरा विद्यालय कृष्णमय हो गया था ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, साहस और परंपरागत सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है ,समस्त कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धनजल के मार्गदर्शन में और विद्यालय प्रबंधन के दिशा निर्देशन में सफलतापूर्वक संचालित हुआ।

## स्काउट्स-गाइड्स का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**सक्ती।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्देशन में सक्ती जिला संघ द्वारा 18 से 24 अगस्त तक बेसिक यूनिट लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम, अड़भार में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्यपाल डॉ. रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सांसद बृजमोहन अग्रवाल के संरक्षण में संचालित हो रहा है।

प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षकों ने पंजीयन कर प्रशिक्षण में भाग लिया। ध्वज शिष्टाचार के साथ सत्र की शुरुआत हुई। प्रशिक्षुओं को टोली में बांटकर स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर स्काउट लीडर और रेंजर लीडर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। राज्य मुख्यालय द्वारा संचालक मंडल का गठन किया गया है, जिसमें दिगंबर सिंह कौशिक (कोरबा), अक्षय सतपथी (रायगढ़), डॉक्टर धनमत महंत (जांजगीर), साहिना परवीन (रायपुर) सहित कई अनुभवी प्रशिक्षक शामिल हैं। शिविर ज्वाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास चौबे और विशिष्ट अतिथि लकेश्वर श्याम, रमेश देवांगन, मिलेन्द्र पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शाम होते ही सड़क पर आ रहा दंतैल-हाथी:वाहनों की लग जाती है कतार

**रायगढ़।** जिले के राटरौट से कसडोल मार्ग पर दंतैल हाथी शाम होते ही सड़क पर आ जाता है। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही कई घंटों तक थम जाती है। मंगलवार की रात को भी हाथी बैनीपाठ रोड पर आकर कुछ देर तक खड़े रहा।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि, भैंसगढ़ी के जंगल में 11 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें से एक हाथी दल से अलग होकर लगातार सड़क पर आ रहा है। बुधवार की रात करीब 8 बजे जब हाथी बैनीपाठ रोड पर पहुंचा तो सूचना मिलने पर वन अमला और हाथी मित्र दल मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों ओर से यातायात रोककर लोगों को सुरक्षित रखा।


समक्ष : श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय, कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं विक्रम प्रताप सिंह ठाकुर, उम्र लगभग 40 वर्ष पिता श्री जनार्दन सिंह ठाकुर निवासी 346/2 कमला सदन रामपुर कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं-

यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूं तथा मेरा आधार कार्ड नं. 591784330393 है। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा से बना है जिसमें बच्चे की माँ का नाम श्रद्धा सिंह एवं पिता का नाम विक्रम प्रताप सिंह दर्ज हो गया है। नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे की माँ का नाम श्रद्धा सिंह बघेल एवं पिता का नाम विक्रम प्रताप सिंह ठाकुर दर्ज कराना चाहता हूं। यह शपथ पत्र मेरे पुत्र अविराज प्रताप सिंह ठाकुर का जन्म प्रमाण पत्र में सुधार के लिए संबंधित विभाग में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित किया गया है।

**शपथकर्ता**
**विक्रम प्रताप सिंह ठाकुर**


## चयन परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**जांजगीर।** सक्ती जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा हसौद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश चयन परीक्षा-2026 के माध्यम से होगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त तक बढ़ा दी की गई है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र.1406/विद्युत/2025 — दिनांक 14.08.2025

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग (विद्युत कार्य) में एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी वर्ग डी एवं प्रवर श्रेणी में एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/ए क्लास लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय (100 बेड) में 83 नग ए.सी. प्रदाय एवं स्थापना कार्य (जि.ख.सं.न्यास मद)(द्वितीय निविदा) | 49.93 | 03.09.2025 (T.No.173811) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

क्र. कायंको/विज्ञा./क्रय/1763 — कटघोरा, दिनांक : 19.08.2025

**"बिजली बंद की सूचना"**

संचा./संधा. संभाग, छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कटघोरा के सर्व संबंधित सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अजगरबहार से निकलने वाली 33 केव्ही फीडरों में आवश्यक पेड़ कटिंग/छटिंग, मेंटनेंस एवं रखरखाव कार्य किये जाने के कारण निम्नलिखित फीडर में उसके समक्ष दर्शाये तिथि को प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक सम्बंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्र. | फीडर का नाम | दिनांक | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 11 के.व्ही. अजगरबहार | 20.08.2025/ बुधवार | अजगरबहार, गोपाल पहारी, बोरबोड़ा, नर्मदा, हरदी भाड़ा, सरई सिंगार एवं आसपास के क्षेत्र |
| 2 | 11केव्ही धनगांव | | धनगांव, नेवारटिकरा, कोसगई एवं आसपास के क्षेत्र। |
| 3 | 11केव्ही सतरेंगा | | सतरेंगा, बोड़ानाला, कोराई, कदमझरिया, रापा, हरदीमाड़ा, साखो, डिडासराई, देवपहरी, अरेतरा, लेमरू, कुटुरवा, बड़गांव, डोकरमना, कुधरी चिंगार, सुर्वे एवं आसपास के क्षेत्र। |

नोट- आवश्यकतानुसार समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

S-44957/2

**कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग**
**छ.रा.वि.वि.कं.मर्या., कटघोरा**

## अनमोल वचन......

**अगर आप कीमत देखे बिना चीजे खरीदना चाहते हैं, तो आपको बिना घड़ी देखे काम करना होगा।**

# असहमति को दबाना अच्छा संकेत नहीं

*असहमति को दबाना अच्छा संकेत नहीं है। इससे वे शक और गहरे होंगे, जिन्हें बताने के लिए विपक्षी सांसद निर्वाचन भवन तक जाना चाहते थे या जिसे जताने के लिए वे संसद में बहस की मांग कर रहे हैं। अगर 25 विपक्षी दलों के तकरीबन 300 सांसद अपनी शिकायतें बताने के लिए निर्वाचन आयोग के पास जाना चाहते थे, उन्हें बीच में रोकना किसी रूप में लोकतांत्रिक कदम नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि ये सभी निर्वाचित सांसद हैं, जो देश के एक बड़े जनमत का प्रतिनिधित्व करते हैं। संसद भवन से शुरू हुआ मार्च किसी ऐसे समूह का नहीं था, जिसके अनियंत्रित हो जाने और जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या खड़ी होने का अंदेशा होता। लेकिन केंद्र और निर्वाचन आयोग ने जो नजरिया अपनाया, उससे लगता है कि वे विपक्ष को चुनाव प्रक्रिया में वैध स्टेकहोल्डर (हितधारक) नहीं मानते। वे उनकी बातों या शिकायतों को सुनने योग्य भी नहीं समझते! वरना, बिहार में मतदाता सूची के हुए विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में संसद में बहस की मांग केंद्र नहीं ठुकराता और निर्वाचन आयोग निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के रूप में व्यवहार करने के बजाय विपक्षी दलों के प्रति हिकारत भरा रुख नहीं अपनाता।*

*इसी नजरिए का संकेत है कि सोमवार को एक तरफ निर्वाचन आयोग ने सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के मामले में तकनीकी रुख अपनाया, तो दूसरी तरफ प्रशासन ने बैरिकेडिंग करके और सांसदों को हिरासत में लेकर एक तरह के दमनकारी रुख का परिचय दिया। मुद्दा यह है कि देश की राजधानी में अगर निर्वाचित सांसदों को प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं है, तो फिर आम नागरिक अपने लिए क्या अपेक्षा रख सकते हैं। स्पष्टतः असहमति के स्वर को दबाना भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इससे वे शक और गहरे होंगे, जिन्हें बताने के लिए विपक्षी सांसद निर्वाचन भवन तक जाना चाहते थे या जिसे जताने के लिए वे संसद में इस मुद्दे पर बहस की मांग कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं संवैधानिक संस्थाओं का यह दायित्व होता है कि वे ऐसे संदेहों के निवारण के लिए विश्वसनीय कदम तुरंत उठाएं। इसकी शुरुआत विपक्ष के साथ संवाद बना कर की जा सकती है, जिसका एक मौका सोमवार को निर्वाचन आयोग के पास था। लेकिन विपक्षी प्रदर्शन के प्रति सख्त और हिकारत भरा रुख अपना कर उसने यह मौका गंवा दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** इस राशि वालों के लिए आज का दिन खुशहाल बना रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में जिससे आप अच्छा लाभ कमाएंगे नवविवाहित दंपत्ति को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी। आज आप खुद को फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक्स के बिजनेस में आपको अच्छा धन लाभ होगा, आप कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकते हैं। इस राशि के शिक्षको का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर हो जायेगा। जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरूरत है, जल्द ही जॉब मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको मनपसंद चीज प्राप्त होगी, जिससे आपको खुशी होगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। आज आप परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज ख़त्म हो जाएंगी, जीवनसाथी खुश होने की वजह देंगे। आज आपके काम और मेहनत को देखते हुए आपकी सैलरी में इज़ाफा होगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी। आज कार्यक्षेत्र में बाहरी सलाह से अच्छा है, आप घरवालों की बात को समझे। आज आपके दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल बना रहेगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फर्नीचर का सामान खरीद सकते हैं, जिससे घर की रौनक बढ़ जाएगी। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें भाई का पूरा सहयोग मिलेगा। आज बच्चे आपसे मन की बात शेयर करेंगे, आप उनकी बातों को ध्यान से सुने और प्यार से समझाएं।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को ऑनलाइन वेबसाइट पर लांच करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको कोई नया टारगेट दे सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। इस राशि के साइंस से जुड़े व्यक्तियों को मान सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। आज आप अधिकतर कार्यों को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आप किसी संस्था के साथ जुड़कर जरूरतमंदों की मदद करेंगे, जिससे उनके जीवन में बदलाव आएगा। आज घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है। आज आप वाहन लेने का विचार अपने परिवार के साथ कर सकते हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज आपको बिजनेस डील में बड़ा धन लाभ होगा। आज ऑफिस में आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी, जिनसे मिलकर आपको खुशी होगी। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य समस्या आज आपको मुक्ति मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्य आज समय से पूरा कर लेंगे। आज घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट के कारोबारियों को अच्छा लाभ होगा, जिससे आपके मन को संतुष्टि मिलेगी। आज शिक्षकों का प्रमोशन उनकी मनपसंद जगह पर होने की सम्भावना है।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। आज कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह लेना आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। आज किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके दामपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा और आप एक दूसरे का ख्याल रखेंगे। आज आपको कार्यों में परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे रुके हुए सभी काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आप अपने सभी जरुरी कार्यों को समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आप अन्य कार्यों के लिए भी समय निकाल सकें। आज आप क्रेडिट कार्ड के फिजूल खर्चों से बचेंगे तो आप आर्थिक उलझन से बच जायेंगे। इस राशि के वकील आज किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे, जिससे उन्हें अच्छा लाभ होगा।

# त्रासदी जलवायु परिवर्तन या पारिस्थितिकी से खिलवाड़

//अजीत द्विवेदी//

**उत्तराखंड के उत्तरकाशी में धराली गांव के बह जाने की घटना का वीडिया भयावह है। पूरा देश उस वीडियो को देख रहा है और चिंतित हो रहा है कि आखिर यह सब क्या हो रहा है! जिनको जलवायु परिवर्तन या पारिस्थितिकी से खिलवाड़ के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है वे भी कह रहे हैं कि अब कुछ करना होगा। हालांकि यह तात्कालिक प्रतिक्रिया है श्मशान वैराग्य की तरह। क्योंकि अगर सरकारों और नागरिक समाज को चेत जाना होता तो 2013 का केदारनाथ हादसा उसके लिए बहुत था। उसके बाद तो पहाड़ों पर खास कर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में सब कुछ रोक कर प्रकृति के साथ की गई ज्यादतियों को ठीक करने की मुहिम शुरू हो गई होती।**

आखिर उस पैमाने की त्रासदी तो पहाड़ों में कभी देखी नहीं गई थी। यह जरूर है कि 1952 में भयानक बारिश के बाद उत्तराखंड का एक पूरा कस्बा तबाह हो गया था लेकिन 2013 के केदरानाथ हादसे में जितने लोग मरे उतने तब भी नहीं मरे थे। केदारनाथ हादसे में आधिकारिक रूप से छह हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई और करीब चार हजार लोग अब भी लापता हैं। लेकिन हम लोगों ने उससे भी कोई सबक नहीं लिया। थोड़े दिन के शोक और गुस्से के बाद सब कुछ पहले की तरह चलता रहा।

अब उत्तरकाशी में खीरगंगा नदी के ऊपर बादल फटा या हैंगिंग ग्लेशियर टूट कर गिर गया, जिससे अचानक आई बाढ़ के पानी के साथ आए मलबे में पूरा धराली कस्बा बह गया तो फिर चौतरफा चर्चा शुरू हो गई है और हर व्यक्ति कहने लगा है कि प्रकृति से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। लेकिन सवाल है कि क्या अब खिलवाड़ रूक जाएगा। क्या पहाड़ों में पनबिजली की परियोजनाएं नहीं बनेंगी। क्या नदियों का रास्ता मोड़ उनके प्राकृतिक प्रवाह को बाधित नहीं किया जाएगा। क्या पहाड़ों पर बड़े बड़ बांध नहीं बनाए जाएंगे। क्या पहाड़ों पर टूरिस्ट स्पॉट नहीं विकसित होंगे और नए रिसॉर्ट नहीं बनेंगे। क्या पहाड़ों में विकास की गतिविधियों के नाम पर अनाप-शनाप पेड़ों की कटाई बंद हो जाएगी। क्या अंधाधुंध खनन बंद हो जाएगा।

लिख कर रख लें, इसमें से कुछ नहीं होगा। धराली की घटना के बाद भी सब कुछ पहले की तरह चलता रहेगा। थोड़े दिन का पॉज होगा और उसके बाद फिर वही किस्सा। चाहे जोशीमठ में मकानों में दरार आ जाए या कहीं सुरंग धंस जाए, कहीं बादल फटे, कहीं भूस्खलन हो या कहीं बाढ़ आ जाए उससे नदियों, पहाड़ों, जंगलों का अंधाधुंध शोषण करने वालों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

सबको पता है कि अचानक पहाड़ों पर इतने बादल क्यों फटने लगे हैं और सबको यह भी पता है कि इतना भूस्खलन क्यों हो रहा है। लेकिन सबने आंखें मूंद रखी हैं। जिनकी जिम्मेदारी इसको ठीक करने की है वे अंधाधुंध निर्माण, जंगलों की कटाई, उत्खनन, बांध आदि को विकास बता कर अपनी पीठ ठोक रहे हैं। उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में पहाड़ पर बादल फटने और फ्लैश फ्लड यानी अचानक बाढ़ आने के कई कारणों में से एक कारण यह भी है कि मानसून का सीजन लगातार सिमटता जा रहा है। पहले चार महीने का मानसून सीजन होता था लेकिन अब यह महज दो महीने का रह गया है। एकाध अपवाद छोड़ दें तो मानसून दो महीने में समाप्त हो रहा है। जितनी बारिश होनी है इन दो महीनों में होती है।सरकार तो इस आंकड़े पर आंख मूंद कर यकीन करती है कि सामान्य बारिश हुई या सामान्य से थोड़ी कम या ज्यादा बारिश हुई। लेकिन सामान्य बारिश यानी सौ फीसदी बारिश अगर दो ही महीने में हो रही है तो उसका नुकसान तो होगा। इसका कारण जलवायु परिवर्तन है। बारिश और सर्दियों का सीजन चार महीने में खत्म हो जा रहा है और आठ महीने गर्मी पड़ रही है। अगर प्रकृति के चक्र को ठीक करने का प्रयास नहीं हुआ तो स्थिति और बिगड़ती जाएगी। पहली औद्योगिक क्रांति के बाद से पृथ्वी ढाई फीसदी ज्यादा गर्म हो चुकी है और अगले 25 साल में दो फीसदी और गर्म हो सकती है। इसका मतलब है कि धरती को पहले बुखार हुआ और अब बुखार बढ़ रहा है, जिससे उसकी सेहत खराब हो रही है। जैसे बुखार आदमी के शरीर को तोड़ता है वैसे ही सामान्य से चार फीसदी ज्यादा तापमान धरती के शरीर को तोड़ देगा और उसे ठीक करना इंसान के वश में नहीं रह जाएगा।

बहरहाल, अचानक बादल फटने का एक कारण मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र में लगातार आ रही कमी है। वैसे तो पहाड़ों पर भी जंगल काटे जा रहे हैं लेकिन मैदानी इलाकों में जंगल की कटाई इस रफ्तार से हो रही है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। समूचे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में जंगल साफ होते जा रहे हैं और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो रहे हैं। औद्योगिक निर्माण हो रहे हैं और हाउसिंग सोसायटीज बन रही हैं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली, हरियाणा से जाकर बड़ी संख्या में लोग घर, फ्लैट और जमीन खरीद रहे हैं। वे उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में साफ हुए जंगल की जगह अपने फार्म हाउसेज बना रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि आसमान में जब बादल बनते हैं तो उनके बरसने के लिए मानसून की हवाओं को मैदानी इलाकों में अनुकूल हालात नहीं मिलते हैं। मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र की कमी के कारण बादल पहाड़ों पर बरसते हैं या फटते हैं, जिससे अचानक बाढ़ आ जाती है।

इसके अलावा भागीरथी नदी पर बना करीब 260 मीटर ऊंचा टिहरी बांध भी बादल फटने की घटनाएं बढ़ने का एक कारण है। पहले भागीरथी नदी का जलग्रहण क्षेत्र अपेक्षाकृत बहुत छोटा था। लेकिन बांध की वजह से इसका ऊपरी जल क्षेत्र 50 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा हो गया है, जहां बड़ी मात्रा में पानी इकट्ठा होता है। इससे बादल बनने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मानसून सीजन में बहुत ज्यादा बादल बनते हैं और फटते हैं। पहले बादल फटने की घटनाएं इक्का दुक्का होती थीं। लेकिन अब नदियों के प्राकृतिक बहाव को बाधित करने से असंतुलन बना है, टिहरी बांध में भारी मात्रा में पानी इकट्ठा होने से बादल ज्यादा बन रहे हैं और मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र नहीं होने से बादल पहाड़ों पर फट रहे हैं।

यह ध्यान रखने की जरुरत है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ की वजह से प्रकृति का चक्र बिगड़ा है और अब एक साथ कई बादल फटने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे अचानक बाढ़ आ जा रही है। इस पूरे मामले में एक बात पर और ध्यान देने की जरुरत है कि अब आ रही बाढ़ से नुकसान बढ़ता जा रहा है। इसका कारण यह है कि लोग पारंपरिक तरीकों को छोड़ कर नदियों के किनारे बसने लगे हैं। पहले पहाड़ों में गांव नदी से दूर बसाए जाते थे। लेकिन अब नदियों के किनारे घर बनाए जाने लगे हैं। पर्यटकों की मांग को देखते हुए नदियों के किनारे छोटे होटल, रिसॉर्ट या होमस्टे के लिए घर बनाए जा रहे हैं।

धराली में भी ऐसे ही होटल और होमस्टे बह गए हैं। दूसरा कारण यह है कि नियमों को ठेंगा दिखा कर इकोसेंसिटिव जोन में निर्माण हो रहा है। धराली में जहां यह हादसा हुआ है वह भी ऐसे ही जोन में आता है। फिर वहां निर्माण कैसे हुआ इसकी जांच होनी चाहिए। ऐसे तमाम इलाके मिल जाएंगे, जहां कानूनी तौर पर निर्माण पर रोक लगी हुई है लेकिन वहां निर्माण हुए हैं। इससे पहाड़ों में मानवीय गतिविधियां इतनी बढ़ गई हैं कि जंगल और पहाड़ उसे बरदाश्त नहीं कर पा रहे हैं। सरकारों के साथ साथ स्थानीय नागरिकों को भी पहल अपने हाथ में लेनी होगी। इसकी शुरुआत पेड़ों की कटाई और इकोसेंसिटिव जोन में निर्माण रोकने से हो सकती है।

# साम दाम दंड भेद पर आई आप, मनीष सिसोदिया के बयान से पार्टी की सत्ता-लोलुपता उजागर

//नीरज कुमार दुबे//

**पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर मनीष सिसोदिया का बयान, साम, दाम, दंड, भेदज सच-झूठज जो भी करना पड़ेगा, करेंगे, साफ दिखाता है कि आम आदमी पार्टी अब सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी (आप) का जन्म एक क्रांति की तरह हुआ था। अन्ना आंदोलन की पृष्ठभूमि से निकली इस पार्टी ने भ्रष्टाचार-विरोधी राजनीति और जनसरोकारों के मुद्दों को केंद्र में रखकर देश की जनता को नई उम्मीद दी थी।**



अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं ने खुद को आम आदमी के सिपाही के रूप में पेश करते हुए व्यवस्था बदलने का वादा किया था। उस समय यह कहा गया था कि यह पार्टी व्यवस्था बदलेगी, भ्रष्टाचार मिटाएगी और राजनीति को स्वच्छ बनाएगी। लेकिन आज की हकीकत यह है कि आम आदमी पार्टी भी उसी पुरानी राजनीति के रास्ते पर खड़ी है, जिस पर चलने वाले दलों के खिलाफ उसने आंदोलन खड़ा किया था। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया कभी शिक्षा सुधारक के रूप में पेश किये जाते थे। स्कूलों के मॉडल की तस्वीरें खिंचवाई जाती थीं और उन्हें दिल्ली की राजनीति में ईमानदारी का चेहरा बताकर प्रचारित किया जाता था। लेकिन सत्ता की हकीकत अलग निकली। दिल्ली की शराब नीति घोटाले ने उनकी छवि को ध्वस्त कर दिया और उन्हें शराब क्रांति का जनक बना दिया। वह लंबे समय तक जेल की सलाखों के पीछे रहे और बाहर आने के बाद अपना विधानसभा चुनाव भी हार गये। अब पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर मनीष सिसोदिया का बयान, साम, दाम, दंड, भेदज सच-झूठज जो भी करना पड़ेगा, करेंगे, साफ दिखाता है कि आम आदमी पार्टी अब सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। मनीष सिसोदिया का बयान जनता को यह समझाने के लिए पर्याप्त है कि आम आदमी पार्टी और बाकी पारंपरिक दलों में अब कोई फर्क नहीं बचा है। देखा जाये तो लोकतंत्र में चुनावी जीत का आधार जनता की सेवा और सुशासन होना चाहिए, न कि किसी भी साधन से सत्ता हथियाना। लेकिन आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं के शब्दों से यह साफ है कि उनके लिए अब नैतिकता केवल एक खोखला नारा रह गई है।मनीष सिसोदिया के बयान से पंजाब की राजनीति गर्मा गयी है इसलिए अब आम आदमी पार्टी के नेता सफाई भी देते फिर रहे हैं। पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा कह रहे हैं कि सिसोदिया ने जो कहा वह पार्टी की विचारधारा नहीं है। यहां सवाल उठता है कि अगर पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता और अरविंद केजरीवाल के सबसे करीबी सहयोगी, ऐसा बयान देते हैं तो उसे महज़ व्यक्तिगत राय कैसे कहा जा सकता है। क्या यह सफाई केवल डैमेज कंट्रोल की कोशिश नहीं है। देखा जाये तो आम आदमी पार्टी के इस बदले हुए चरित्र से लोकतंत्र को सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ है कि जनता का विश्वास टूट गया है। जो लोग भ्रष्टाचार और व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आए, अगर वही भ्रष्टाचार और सत्ता-लोलुप राजनीति का हिस्सा बन जाएँ, तो जनता किस पर भरोसा करेगी। सच यही है कि आम आदमी पार्टी अब वैसी ही राजनीति करने लगी है जैसी राजनीति करने का आरोप वह अपने शुरुआती दिनों में दूसरों पर लगाया करती थी। इस सबके चलते भारतीय लोकतंत्र एक बार फिर नैतिकता के संकट का शिकार हो रहा है।ईमानदार राजनीति का नारा देकर पैदा हुई आम आदमी पार्टी अब सत्ता की राजनीति में इस कदर डूब चुकी है कि उसके नेताओं की जुबान पर साम, दाम, दंड, भेद जैसे शब्द चढ़ गए हैं। यह वही पार्टी है जिसने जनता को बदले की राजनीति से बाहर निकलने का सपना दिखाया था। लेकिन अब लगता है, आम आदमी पार्टी का असली चेहरा वही है जिससे उसने खुद को अलग दिखाने की कोशिश की थी।

और यही लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक संकेत है। बहरहाल, मनीष सिसोदिया के बयान को लेकर पंजाब की राजनीति गर्मायी हुई है। इस बयान को विपक्षी दलों ने हाथों-हाथ लिया और चुनाव आयोग से शिकायत तक कर दी। पंजाब बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने तो इसे भ्रष्ट और हिंसक तरीकों की पैरवी करार देते हुए सिसोदिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। विपक्षी दलों का आरोप है कि सिसोदिया ने चुनाव जीतने के लिए अनैतिक और हिंसक रणनीतियों को स्वीकार किया है। यहां सवाल यह भी उठता है कि सिसोदिया के विवादित बयान पर पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की चुप्पी यदि आगे भी बनी रही तो क्या इसे उनका मूक समर्थन नहीं माना जायेगा।

## कूटनीतिक संबंधों में तुलना

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान की जो तुलना शुरू हुई है वह आगे भी जारी है। कूटनीतिक संबंधों में तुलना हो रही है तो वैश्विक व्यापार के मामले में भी तुलना हो रही है। सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया में भी बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के उत्पादों पर अमेरिका में पहले 29 फीसदी टैक्स लगता था, जिसे घटा कर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 19 फीसदी कर दिया है। उसके साथ अमेरिका ने तेल उत्खनन का समझौता भी किया, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियां पाकिस्तान में तेल खोजेंगी और तेल निकालेंगी। इसे लेकर ट्रंप ने तंज भी किया कि एक दिन हो सकता है कि पाकिस्तान भी भारत को तेल बेचे।

यह बड़ा मजाक है। अब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर तीन महीने में दूसरी बार अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। वे जून में पांच दिन के लिए अमेरिका गए थे, जहां राष्ट्रपति ट्रंप ने उनके लिए व्हाइट हाउस में लंच का आयोजन किया। अगले हफ्ते वे फिर अमेरिका जा रहे हैं। एक तरफ पाकिस्तान पर अमेरिका ने टैरिफ कम कर दिया, दूसरी ओर उसे तमाम अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से कर्ज या अनुदान दिलाया और उसके सैन्य नेतृत्व का भी अमेरिका में स्वागत किया जा रहा है।

बांग्लादेश पर राष्ट्रपति ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था तब भारत में इस बात पर बड़ी खुशी जताई जा रही थी। तमाम आर्थिक जानकार दावा कर रहे थे कि इससे भारत के लिए बहुत बड़ा मौका बना है। बांग्लादेश परर 26 फीसदी टैरिफ लगा दिया गया है, जबकि भारत 10 फीसदी बेसलाइन टैरिफ के साथ अमेरिका से कारोबार कर रहा है तो इसका बड़ा लाभ भारत को मिलेगा। कहा जाने लगा कि भारत अब टेक्सटाइल का पूरा बाजार कब्जा कर लेगा। बांग्लादेश के उत्पाद अमेरिका में महंगे हो जाएंगे तो भारत के उत्पादों की मांग बढ़ेगी। लेकिन दो महीने से भी कम समय में तस्वीर बदल गई।बांग्लादेश पर तो 26 फीसदी टैरिफ लगा है लेकिन भारत पर टैरिफ बढ़ कर 50 फीसदी हो गया यानी बांग्लादेश से लगभग दोगुना। तो अब क्या होगा। अब तो अमेरिकी बाजार में भारत के टेक्सटाइल उत्पादों के लिए जो भी जगह थी वह बांग्लादेश को जा सकती है। हालांकि बांग्लादेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इसका लाभ उठाए लेकिन अगर वहां राजनीतिक स्थिरता होती तो वह भारत पर लगाए गए भारी भरकम टैरिफ का लाभ उठा सकता था। राष्ट्रपति ट्रंप ने जैसे पाकिस्तान पर लगने वाला टैरिफ 29 से घटा कर 19 फीसदी किया उसी तरह भारत के एक अन्य पड़ोसी श्रीलंका पर लगने वाला टैरिफ भी 24 फीसदी से घटा कर 20 फीसदी कर दिया। यह कमाल की बात है कि जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पहली बार दुनिया के देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा की तो श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व मे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की नई दिल्ली में मुलाकात हुई ।




कुल्लू की लग घाटी में बादल फटने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 205.79 मीटर तक पहुंचने के बाद यमुना बाजार क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन और तैयारियों की समीक्षा की।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी बिहार अध्यक्ष राजेश कुमार, और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता और राजद नेता तेजस्वी यादव नवादा जिले में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान।



आगरा में ताजमहल के पास मानसून के मौसम में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाता है।



उत्तरकाशी में हाल ही में आई बाढ़ के बाद खोज और बचाव अभियान जारी है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाग लेने के बाद रवाना होते हुए।

# हिमाचल में तबाही...बादल फटने से कुल्लू-मंडी में भारी तबाही, जम्मू-कश्मीर में मरने वालों की संख्या पहुंची 66

**शिमला, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रदेश में वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने से काफी नुकसान हो रहा है। भुभु जोत में बादल फटने से मंडी की चौहारघाटी व कुल्लू जिला की लगवैली में बाढ़ आ गई। भुभु जोत की पहाड़ी पर बादल फटने से पानी दो भागों में बंट गया। इस आपदा से चौहारघाटी की पंचायत तरसावण, सिल्हबुधाणी के अलावा कुल्लू की लगघाटी के कड़ौण, तेलंग सहित कई गांव प्रभावित हुए हैं। बिलासपुर जिले के थापना में टनल नंबर दो के पास हुए भूस्खलन से कीरतपुर- नेरचौक फोरलेन हाईवे बंद हो गया है। सोमवार देर रात डेढ़ बजे सिल्हबुधाणी पंचायत के कोरतंग व कुंगड़ी नाले में आई बाढ़ से एक दुकान, पांच पैदल पुल, दो मछली फार्म व देव कपलधार गहरी मंदिर की सराय बह गई।कुल्लू की लगघाटी में आई बाढ़ में दो पुल, दो मकान, तीन दुकानें और एक बाइक बह गए। वहीं जिला किन्नौर में किन्नौर कैलास यात्रा पर गए एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरव पुत्र दिलीप कुमार निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। जिला प्रशासन ने यात्रा पर रोक लगा दी है। कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी के रशोल गांव में भूस्खलन की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। डबराणी में बदहाल गंगोत्री हाईवे पर भूस्खलन की चपेट में आकर दो युवकों की मृत्यु हो गई। 15 दिनों से बंद हाईवे की बहाली को पहाड़ी पर नई कटिंग कर सड़क बनाई जा रही है। पांच अगस्त को धराली में आई आपदा के बाद क्षतिग्रस्त हाईवे को शुरू करने के लिए मंगलवार को कटिंग का काम अंतिम चरण में था।इस बीच शाम को सात युवकों का एक दल पहले पैच में कटिंग लगभग पूरी होने की जानकारी पाकर यहां से गुजरने लगा। भूस्खलन की चपेट में आकर सुक्की गांव निवासी अरुण(29)



व मनीष (24) दब गए। दोनों के शव निकाल लिए गए हैं।आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल में जनजीवन को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकारी मशीनरी ने चौतरफा ताकत झोंक रखी है। इस कड़ी में हर्षिल क्षेत्र में भागीरथी नदी में बनी झील को सेना के बैकहो लोडर से चैनलाइज करने का काम शुरू हो गया है। उधर पिथौरागढ़ जिले में आधी रात के बाद मकान पर बोल्डर गिरने से बालक की मौत हो गई और मां समेत चार सदस्य घायल हो गए। अल्मोड़ा जिले के काकड़ीघाट क्षेत्र में पैर फिसलने से कोसी नदी में स्थानीय निवासी 42 वर्षीय दान सिंह बह गया। वहीं चमोली के कोठी गांव के पास पिंडर नदी में फंसी गाय को बचाने के प्रयास में एनडीआरएफ जवान सुरेंद्र नौटियाल (30) की डूबने से मौत हो गई। उनका शव बरामद कर लिया गया है। जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले के चशोती गांव में बादल फटने से हुई त्रासदी में छह दिन बाद मंगलवार को मलबे में दबे दो और शव बरामद हुए हैं। इसके साथ ही चशोती त्रासदी में मरने वालों की संख्या 66 हो गई है। अभी भी कई लोग लापता हैं, जिनका पता लगाने के लिए सेना, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी जुटे हुए हैं। एनडीआरएफ की तरफ से और सेना की तरफ से तरह तरह के उपकरण इस्तेमाल किए जा रहे हैं। वहीं, मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 23 से 25 अगस्त के बीच तेज बारिश से बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती हैं। लोगों को सलाह दी गई है कि वे नदियों, नालों, जलस्त्रोतों और कच्चे मकानों से दूर रहें। वहीं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि किश्तवाड़ त्रासदी में लापता लोगों के जीवित मिलने की संभावना अब बहुत कम है। सरकार का प्रयास है कि मलबे में दबे शवों को निकाला जाए, ताकि उन्हें उनके परिवारों को सौंपा जा सके और वे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर सकें।पहाड़ों पर वर्षा के कारण पंजाब में भाखड़ा बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) ने दो वर्ष बाद मंगलवार दोपहर बांध के चार फ्लड गेट खोल दिए। इनसे करीब 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रूपनगर के डीसी वरजीत वालिया ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। इसमें से आधा पानी सतलुज दरिया व आधा नहरों में जाएगा।

### बांग्लादेश चुनाव आयोग ने आम चुनावों की रूपरेखा का मसौदा तैयार किया

**ढाका।** बांग्लादेश के शीर्ष चुनाव निकाय ने आगामी आम चुनावों के लिए कार्य योजना इस सप्ताह के भीतर घोषित करने की बात कही है। बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव अगले वर्ष फरवरी में होने वाले हैं।चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने कहा कि चुनाव की रूपरेखा का मसौदा तैयार किया गया है और इसे जल्द ही अंतिम स्वीकृति के लिए चुनाव निकाय को प्रस्तुत किया जाएगा।उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां और प्रशासनिक अधिकारी पहले से ही अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं। हमें उम्मीद है कि हम इसे इस सप्ताह के भीतर अंतिम रूप देंगे और प्रकाशित करेंगे। कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताने की कोई आवश्यकता नहीं है।अहमद के ये बयान चुनावों को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच आए हैं, जब राष्ट्रीय नागरिक पार्टी के नेताओं ने कहा कि बिना प्रमुख सुधारों और अंतरिम सरकार द्वारा शुरू की गई सुनवाई पूरी किए बिना अगले वर्ष फरवरी में चुनाव होने की संभावना नहीं है।

# झारखंड में महंगी हो सकती है बिजली, टैरिफ रिव्यू याचिका पर सुनवाई के बाद आएगा फैसला

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग (जेएसईआरसी) द्वारा 30 अप्रैल को जारी टैरिफ आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की है।यह याचिका वित्तीय वर्ष 2023-24 के ट्रू-अप, 2024-25 की वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा (एपीआर) और 2025-26 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) व टैरिफ निर्धारण से संबंधित है।आयोग ने इस याचिका पर 10 अक्टूबर तक सुनवाई तय की है, जिसमें जेबीवीएनएल का पक्ष सुना जाएगा और इसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। फिलहाल, एक मई से लागू टैरिफ दरें प्रभावी हैं। 30 अप्रैल को जेएसईआरसी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए टैरिफ दरों की घोषणा की थी। इसमें शहरी उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 20 पैसे और ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 40 पैसे की वृद्धि की गई थी। कुल मिलाकर बिजली टैरिफ में 6.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई, जो एक मई 2025 से लागू है। हालांकि, जेबीवीएनएल ने 40.02 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि का प्रस्ताव दिया था, जिसे आयोग ने



अस्वीकार कर केवल 6.34 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी। जेबीवीएनएल ने प्रति यूनिट आठ रुपये की दर की मांग की थी, जबकि आयोग ने 6.85 रुपये प्रति यूनिट की दर स्वीकृत की। इस निर्णय से असंतुष्ट होकर जेबीवीएनएल ने पुनर्विचार याचिका दायर की है।जेबीवीएनएल ने अपनी याचिका में आयोग से विभिन्न बिंदुओं पर पुनर्विचार कर संशोधित आदेश जारी करने की मांग की है। निगम का तर्क है कि प्रस्तावित संशोधन न केवल उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करेंगे, बल्कि उपभोक्ताओं को पारदर्शी और न्यायसंगत दरों का लाभ भी प्रदान करेंगे।निगम ने दावा किया है कि मौजूदा टैरिफ दरें उनकी परिचालन लागत और वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में अपर्याप्त हैं। आयोग द्वारा सुनवाई के बाद यह तय होगा कि टैरिफ दरों में कोई बदलाव होगा या मौजूदा दरें बरकरार रहेंगी।

उपभोक्ताओं और निगम, दोनों के लिए यह सुनवाई महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका असर बिजली की लागत और निगम की वित्तीय स्थिरता पर पड़ेगा। फिलहाल, उपभोक्ताओं को मौजूदा टैरिफ दरों के अनुसार बिजली बिल का भुगतान करना होगा। इस मामले में आयोग का अंतिम फैसला उपभोक्ताओं और बिजली वितरण निगम के बीच संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) ने विद्युत अधिनियम 2003 के तहत नए ड्राफ्ट नियमों पर सार्वजनिक सुनवाई की तारीख घोषित की है। आयोग 25 अगस्त को ड्राफ्ट जेएसईआरसी (टर्म्स एंड कंडीशंस फार डिटरमिनेशन आफ जेनेरेशन टैरिफ) रेगुलेशंस 2025 पर सुनवाई करेगा।

### राजस्थान में अब भ्रष्ट अधिकारियों की खैर नहीं, जांच रिपोर्ट घर के बाहर जाएगी चिपकाई

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और अश्लीलता करने वाले शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ जांच रिपोर्ट उनके घर के बाहर चिपकाई जाएगी। प्रदेश के शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि इससे उनकी करतूत स्वजनों और आसपास के लोगों को को पता चल सकेंगी।शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के बाद कहा, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में जिन भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच चल रही है उनकी जानकारी एकत्रित कर जांच रिपोर्ट उनके घर के बाहर चिपकाई जाएगी। साथ ही जिन शिक्षकों ने अश्लीलता की और चरित्र हनन किया उनकी जांच रिपोर्ट भी उनके घर के बाहर चिपकाई जाएगी। इसका मकसद भ्रष्ट, चरित्रहीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बारे में उनके स्वजनों एवं आसपास के लोगों को जानकारी देना है।

# भारत-चीन में सीमा विवाद सुलझाने पर सहमति

## एससीओ में पीएम मोदी और चिनफिंग की मीटिंग से मजबूत होंगे दोनों देश के रिश्ते

**नईदिल्ली, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत और चीन के बीच सीमा विवाद का स्थाई हल निकालने पर विमर्श करने के लिए विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तर की 24वें दौर की वार्ता मंगलवार को संपन्न हुआ। वार्ता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में कोई समाधान तो नहीं निकला लेकिन भारत-चीन सीमा विवाद को सुलझाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर चिन्हित किया गया है।एसआर स्तर की यह वार्ता वर्ष 2019 के बाद नहीं हुई थी लेकिन पिछले आठ महीनों में यह दूसरी बैठक थी। यह बताता है कि वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ से जो स्थिति बनी थी, उससे आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति दोनों तरफ से दिखाई जा रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने, सैन्य तनाव को कम करने, और आपसी भरोसे को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। डोभाल ने कहा कि पिछले अक्टूबर में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात के बाद बनी सहमति ने दोनों देशों को नई दिशा दी है। उन्होंने जोर दिया कि पिछले नौ महीनों से सीमा पर शांति बनी हुई है, जिससे दोनों देशों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति का अवसर मिला है।एनएसए ने अपने भाषण में यह जानकारी दी कि पीएम मोदी शीघ्र ही चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। इसी तरह से वांग यी ने स्वीकार किया कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में आई रुकावटें दोनों के हित में नहीं थीं।उन्होंने कहा कि अब समय है कि दोनों पक्ष भरोसा और सहयोग बढ़ाएं। बैठक में सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने, तनाव को रोकने, और सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। वांग यी ने कहा कि चीन पीएम नरेन्द्र मोदी की आगामी चीन यात्रा को काफी महत्वपूर्ण मानता है। मोदी चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने वाले हैं।डोभाल ने इस अवसर पर भविष्य में रचनात्मक संवाद को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। यह वार्ता प्रधानमंत्री मोदी की आगामी तियानजिन में होने वाली एससीओ शिखर सम्मेलन की यात्रा से पहले हुई, जो दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय संवाद को और मजबूत कर सकती है।

# महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के आंकड़ों उल्टा पड़ा राहुल का दांव, CSDS ने मांगी माफी, BJP ने कांग्रेस को घेरा



**नईदिल्ली, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में 2024 के लोकसभा चुनाव से लेकर 2024 के विधानसभा चुनाव तक की छह महीने की अवधि में मतदाता सूची में कथित विसंगतियों को लेकर गरमागरम बहस के बीच भाजपा ने कांग्रेस पार्टी पर हमले तेज कर दिए हैं।दिल्ली स्थित एक प्रमुख सर्वेक्षण एजेंसी - सेंटर फार स्टडी आफ डेवेलपिंग सोसायटीज (सीएसडीएस) के झूठे आंकड़ों को आधार बनाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य पार्टी नेता महाराष्ट्र की इस मतदाता सूची का हवाला देते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर हमलावर हो रहे थे। उन्होंने दोनों पर मिलीभगत और मतदान में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। मगर, मंगलवार को सीएसडीएस ने अपने निराधार निष्कर्षों को वापस ले लिया। सीएसडीएस ने आंकड़ों को वापस लेते हुए यह स्वीकार किया कि ये काल्पनिक थे। उसने आंकड़ों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का दोष अपनी टीम पर डाल दिया। सीएसडीएस के निदेशक संजय कुमार ने कहा, महाराष्ट्र चुनाव से संबंधित ट्वीट्स के लिए मैं माफी मांगता हूं। लोकसभा और विधानसभा चुनावों के आंकड़ों की तुलना करते समय हमारी डाटा टीम से गलती हुई। अब यह ट्वीट हटा दिए गए हैं। मेरा किसी भी तरह की गलत सूचना फैलाने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, इसके बाद इंटरनेट मीडिया पर इस एजेंसी की तीखी आलोचना हुई और मुश्किल में फंसी कांग्रेस पार्टी भाजपा के निशाने पर आ गई। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, सीएसडीएस राहुल गांधी जैसे नेताओं के हाथों की कठपुतली मात्र है, जो लोगों का विश्वास नहीं जीत सके हैं। उन्हें ऐसे संगठन की जरूरत है जो झूठे आंकड़े और तथ्य उपलब्ध करा सकें ताकि वे निराधार आरोप लगा सकें। विपक्ष ने चुनाव आयोग को निशाना बनाने के लिए इसका इस्तेमाल किया है। यह एक खतरनाक खेल है। झूठ का माहौल बनाने की जिम्मेदारी कौन लेगा। क्या राहुल गांधी चुनाव आयोग से माफी मांगेंगे। भाजपा नेता अमित मालवीय ने भी राहुल और सीएसडीएस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वे असली मतदाताओं को नकली बताना चाहते थे। विपक्ष के नेता द्वारा दिए गए विरोधाभासी आंकड़ों का हवाला देते हुए मालवीय ने उनसे अपनी बात स्पष्ट करने को कहा। गौरतलब है कि संजय कुमार ने रविवार को महाराष्ट्र की मतदाता सूची के आंकड़े पोस्ट किए थे। इसमें दावा किया गया था कि छह महीनों की अवधि में मतदाता संख्या में भारी अंतर आया है। उन्होंने चार निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं के दो समूहों का विवरण पोस्ट किया, जिनमें से दो में भारी गिरावट देखी गई, जबकि अन्य दो में नाटकीय रूप से बढ़ोतरी देखी गई।कांग्रेस पार्टी ने इसे हाथोंहाथ लिया और इसे भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा मतदान में धोखाधड़ी और वोटों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

# आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं एलन मस्क की पूर्व पत्नी, अब करेंगी यह काम

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की पूर्व पत्नी एशले सेंट क्लेयर ने हाल ही में एक वीडियो जारी कर कहा कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं और उनका करियर पूरी तरह से तबाह हो चुका है। वहीं, अपनी जीविका चलाने के लिए उन्होंने एक पॉडकास्ट शुरू किया है। एशले सेंट क्लेयर ने अपने नए पॉडकास्ट लॉन्च के दौरान आर्थिक तंगी की घोषणा की।26 वर्षीय एशले बेटे रोमुलस को लेकर टेस्ला के सीईओ के साथ अपनी कस्टडी की लड़ाई में उलझी हुई हैं। उन्होंने पॉडकास्ट की शुरुआत यह कहकर की कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं, जबकि ऐसी खबरें हैं कि मस्क ने उन्हें काफी आर्थिक मदद दी है। ऐसी खबरें आई थीं कि मस्क ने अपने बेटे के जन्म का राज छुपाने के लिए एशले को 1.5 करोड़ डॉलर की पेशकश की थी। वहीं, अब एशले ने बैड एडवाइस नाम का एक पॉडकास्ट शुरू किया है जो यूट्यूब पर दिखेगा। इसके पहले एपिसोड में उन्होंने अपनी आर्थिक तंगी को लेकर खुलासा किया।

# भारतीय वायुसेना की ताकत होगी दोगुनी, केंद्र ने 97 स्वदेशी लड़ाकू विमानों की खरीद को दी मंजूरी, यहां होगा उत्पादन

**नईदिल्ली, 20 अगस्त [एजेंसी]।**



केंद्र सरकार शुक्रवार को भारत के सबसे बड़े रक्षा अनुबंध 62,000 करोड़ को मंजूरी दे दी है। सरकार भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद करेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड इन लड़ाकू विमानों का उत्पादन करेगा। सरकार का यह कदम आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा प्रयास है।यह एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के लिए दूसरा ऑर्डर होगा, क्योंकि सरकार कुछ साल पहले ही लगभग 48,000 करोड़ रुपये में 83 विमानों के ऑर्डर दे चुकी है। रक्षा सूत्रों ने एएनआई ने बताया कि इस कार्यक्रम से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी, जिन्हें सरकार अगले कुछ हफ्तों में चरणबद्ध तरीके से हटा रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय और वायुसेना मुख्यालय द्वारा पूर्णतः समर्थित स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम, स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश भर में रक्षा व्यवसाय में लगे छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़ा व्यवसाय प्रदान करने में एक बड़ा योगदान देगा।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचएएल के पुनरुद्धार पर जोर दे रहे हैं, जिसने उनकी सरकार के तहत सभी प्रकार के स्वदेशी लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और उनके इंजनों के निर्माण के ऑर्डर प्राप्त किए हैं।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी लड़ाकू विमान के प्रशिक्षक संस्करण में भी उड़ान भरी थी, जो किसी भी लड़ाकू विमान में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहली उड़ान थी। 97 और एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना की घोषणा भी सबसे पहले तत्कालीन वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन में विदेशी धरती पर की थी, जब उन्होंने एएनआई को स्वदेशी लड़ाकू विमानों के ऑर्डर बढ़ाने की बड़ी योजनाओं के बारे में बताया था। एलसीए मार्क 1ए विमान में वायु सेना को आपूर्ति किए जा रहे शुरुआती 40 एलसीए विमानों की तुलना में अधिक उन्नत एवियोनिक्स और रडार हैं।

# हजारीबाग में तेजी से फल-फूल रहा देह व्यापार का धंधा बड़े होटलों से लेकर छोटे रेस्टोरेंट तक लगता है जमावड़ा

**हजारीबाग, 20 अगस्त [एजेंसी]।**

जिले में देह व्यापार का जाल दिनोंदिन फैलता जा रहा है। शहर के कई बड़े होटलों में खुलेआम देह व्यापार का कारोबार चल रहा है। इसमें होटल संचालकों की सीधी मिलीभगत सामने आ रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए होटलों में विशेष आफर तक दिए जा रहे हैं। कई होटलों में प्रेम- प्रेमिकाओं के लिए अलग से विशेष कमरे बनाए गए हैं, वहीं डार्क रूम की व्यवस्था भी की गई है।सूत्रों के मुताबिक, इन होटलों में कालेज के युवक- युवतियों की बड़ी संख्या में आमद होती है। यहां न सिर्फ प्रेमी जोड़े समय बिताने आते हैं, बल्कि देह व्यापार के जरिए मोटी कमाई का खेल भी चलता है।स्थानीय स्तर पर शहर में भी कई ऐसे होटल हैं, जो सिर्फ इस कारोबार से ही टिके हुए हैं। एक होटल संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि होटल का खर्चा रूम सर्विस से नहीं बल्कि स्पेशल गेस्ट से निकलता है। पूर्व में हजारीबाग के ही एक प्रतिष्ठित होटल का मामला खूब सुर्खियों में आया था, जहां देह व्यापार के नाम पर पत्नियों की अदला- बदली तक की घटना वायरल हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने जांच तो शुरू की थी, परंतु कार्रवाई के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यही वजह है कि अब यह कारोबार और बेखौफ तरीके से फल-फूल रहा है। शहर से लगे एनएच पर भी यह



धंधा दिनदहाड़े चल रहा है। हाईवे किनारे कई होटलों और ढाबों में खुलेआम यह कारोबार चलता है। रात की बात तो दूर, अब दिन में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है।खाली पड़े होटल और लॉज का खर्चा भी इसी धंधे से निकाला जा रहा है। पूर्व में इस धंधे में बंगाल से युवतियों को बुलाया जाता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

जानकारी के अनुसार, अब इसमें छात्राओं से लेकर हास्टल में रहने वाली युवतियां और यहां तक कि घरेलू महिलाएं भी शामिल हो रही हैं। पैसों और ग्लैमर के चक्कर में कई महिलाएं इस दलदल में उतर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन की चुप्पी इस धंधे को बढ़ावा दे रही है। होटल संचालक, बिचौलिए और ग्राहक सबकी मिलीभगत से यह कारोबार बिना किसी डर के चल रहा है। सवाल उठता है कि जब यह कारोबार शहर के प्रमुख इलाकों और राष्ट्रीय राजमार्ग तक फैल चुका है, तब प्रशासन कब तक आंख मूंदे रहेगा ।

### बिहार की बेटी ने यूरोप की पर्वत चोटी Mount Elbrus पर फहराया तिरंगा... भागलपुर की नमिता ने बनाया कीर्तिमान



**बिहपुर।** भागलपुर के इशाकचक निवासी त्रिभुवन पांडेय और चिंता देवी की सबसे छोटी बेटी नमिता कुमारी ने साहस और दृढ़ संकल्प के साथ न केवल अपने परिवार और राज्य को गौरवान्वित किया है, बल्कि एक अद्भुत कीर्तिमान भी स्थापित किया है। पटना के बिहार ग्रामीण बैंक करबिगहिया शाखा की सहायक प्रबंधक नमिता ने 16 अगस्त को सुबह 5.20 बजे 'माउंट एल्ब्रस' पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की और वहां देश की शान तिरंगा फहराया। उसने कहा, मेरे लिए यह भावुक और गर्व का पल है, जिसे शब्दों में बयां करना कठिन है।नमिता ने बताया कि यह चोटी दक्षिण-पश्चिमी रूस के काकेशस पर्वत श्रृंखला में स्थित एक सुप्त ज्वालामुखी है। नमिता ने अब तक कई प्रतिष्ठित पर्वतारोहण अभियानों में भाग लिया है, जिनमें युनम पीक (6,100 मीटर), एवरेस्ट बेस कैंप (5,364 मीटर), अन्नपूर्णा बेस कैंप (4,130 मीटर), फ्रेंडशिप पीक (5,287 मीटर), रेनोक पीक (5,025 मीटर), चादर ट्रेक, केदारकंठा ट्रैक आदि शामिल हैं। इन अभियानों के लिए उन्होंने हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एचएमआई), दार्जिलिंग से 2022 में पर्वतारोहण प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिससे उन्हें उच्च पर्वतीय चढ़ाई के तकनीकी और शारीरिक कौशल में दक्षता मिली। नमिता ने कहा कि वह अपने अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य के लिए तैयारी कर रही हैं। माउंट एल्ब्रस पर भारत का ध्वज फहराना केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह बिहार की उन अनगिनत बेटियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा, जो समाज की सीमाओं से परे जाकर कुछ बड़ा करने का सपना देखती हैं।उसने कहा कि जब देश के अन्य राज्यों की महिलाएं एवरेस्ट और अन्य अंतरराष्ट्रीय चोटियों पर चढ़कर अपने राज्यों का नाम रोशन कर रही हैं, तो बिहार की बेटियां भी इस क्षेत्र में पीछे नहीं रहनी चाहिए।

# त्वचा की देखभाल के लिए जादुई उत्पाद है स्नेल म्यूसिन, लगाने से मिलेंगे ये मुख्य फायदे



महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल के लिए तरह-तरह के ट्रीटमेंट लेती हैं। ये सभी ट्रीटमेंट या तो रसायन युक्त उत्पादों से किए जाते हैं या इनकी प्रक्रिया जटिल होती है। हालांकि, अगर आप बिना इनका सहारा लिए शीशे जैसी चमकदार त्वचा पाना चाहती हैं तो एक नया उत्पाद आपके काम आ सकता है। हम बात कर रहे हैं स्नेल म्यूसिन की, जो त्वचा की देखभाल की एक विचित्र सामग्री है। आइए इसे लगाने के फायदे जानते हैं।

पहले जानें क्या होता है स्नेल म्यूसिन

स्नेल म्यूसिन दक्षिण कोरिया की महिलाओं के बीच प्रचिलित है। इसके फायदों को देखते हुए यह दुनियाभर में मशहूर हो गया है। यह प्राकृतिक तरल पदार्थ होता है, जो घोंघे के शरीर से निकलता है। यह हायलियूरोनिक एसिड, ग्लाइकोप्रोटीन और पेप्टाइड्स से लैस होता है।

त्वचा होती है मॉइस्चराइज

अगर आपकी त्वचा शुष्क है तो स्नेल म्यूसिन लगाने से आपको फायदा हो सकता है। यह पदार्थ प्राकृतिक रूप से त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है। इसमें पाए जाने वाले हाइड्रेटिंग गुण त्वचा की सुरक्षात्मक परत को बहाल करते हैं। इससे लंबे समय तक नमी को बनाए रखने में सहायता मिलती है। ऐसा इसमें मौजूद हायलियूरोनिक एसिड के कारण होता है, जो गहराई तक हाइड्रेशन प्रदान करके त्वचा को मॉइस्चराइज कर सकता है।

बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम

कुछ महिलाओं के चेहरे पर समय से पहले ही बुढ़ापा झलकने लगता है। ऐसी महिलाओं को बढ़ती उम्र के लक्षण कम करने के लिए स्नेल म्यूसिन इस्तेमाल करना चाहिए। इसके जरिए कोलेजन बढ़ाने में मदद मिलती है, जो महीन रेखाओं और झाइयों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है। एक अध्ययन में पाया गया था कि 40 प्रतिशत स्नेल म्यूसिन युक्त सीरम का उपयोग करने से महीन रेखाओं और झुर्रियों का दिखना कम हो जाता है।

दाग-धब्बे होते हैं दूर

स्नेल म्यूसिन के जरिए त्वचा की देखभाल करने से मुंहासों के दाग और अन्य धब्बे भी हल्के हो सकते हैं। इस पदार्थ में ग्लाइकोलिक एसिड और पेप्टाइड्स जैसे तत्व होते हैं, जो अपने एक्सफोलिएटिंग गुणों के लिए जाने जाते हैं। ये त्वचा में प्रवेश करके कालेपन और रंजकता को दूर कर देते हैं। इतना ही नहीं, स्नेल म्यूसिन का उपयोग करने से मुंहासे भी ठीक हो जाते हैं और त्वचा की बनावट भी सुधरती है।

बढ़ता है निखार

कोरियाई महिलाओं जैसी निखरी, चमकदार और बेदाग त्वचा पाना हर किसी का सपना होता है। यह सपना स्नेल म्यूसिन लगाने से सच हो सकता है।

यह पदार्थ त्वचा में प्राकृतिक निखार ले आता है और समान रंगत भी प्रदान करता है। इसमें ग्लाइकोलिक एसिड जैसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। इससे कोशिकाओं के नवीनीकरण को बढ़ावा मिलता है और त्वचा में चमक आ जाती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स भी कालेपन को दूर करते हैं।



## 20 साल के करियर में बनी मैं हर किरदार की मास्टर: रेजिना कैसेंड्रा

जाट, साकिनी-डाकिनी और केसरी चैप्टर-2 में अभिनय करने वाली रेजिना कैसेंड्रा ने इंडस्ट्री में गुजारे 20 साल को बेहतरीन बताया है। उनके मुताबिक सफर देखने में जितना हसीन है, दरअसल, वैसा था नहीं। इसी साल उनकी दो बड़ी फिल्में केसरी-चैप्टर टू और जाट, रिलीज हुईं। दोनों ही किरदार एक दूजे से एकदम जुदा। एक्ट्रेस के अंदाज को इंडस्ट्री के नामदार पसंद करने लगे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें अलग-अलग भाषाओं में काम करने के खूबसूरत मौके मिले। बोलीं, मेरा सिने सफर काफी शानदार रहा है। मुझे अलग-अलग भाषाओं में काम करने के मौके मिले हैं, इसके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं। अब, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे खुशी होती है। लेकिन मेरे लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। कई बार मुझे खुद पर शक होता था कि मैं खुद को और दूसरों की उम्मीदों पर खरी भी उतर पाऊंगी कि नहीं। क्योंकि तब मैं बहुत छोटी थी, इसलिए मेरे लिए चीजें बिल्कुल अलग थीं। अभिनेत्री ने बताया कि कई समय तक उन्हें ये लगता रहा था कि काश उनका कोई मेंटर होता, लेकिन फिर उन्होंने खुद ही हर चीज सीखी और अपने अनुभवों से आगे बढ़ीं। रेजिना ने कहा, आज मैं अपने इस सफर के लिए बहुत आभारी हूं, जो मैं आज हूं। मेरे काम और उससे मिली चुनौतियों ने मुझे बेहतर इंसान बनाया।



## अंजिनी धवन ने अपने स्टनिंग बिकिनी लुक से फैंस के उड़ाए होश

सिकंदर फेम एक्ट्रेस अंजिनी धवन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर क्रोएशिया में वेकेशन एंजॉय करते हुए तस्वीरें शेयर की हैं. उनकी बिकिनी लुक को देख फैंस अपना दिल हार बैठे हैं. यहां देखिए एक्ट्रेस के वेकेशन की तस्वीरें.

वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन आए दिन अपने फैशनेबल लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं. सोशल मीडिया पर भी वो काफी एक्टिव हैं और फैंस के साथ अपने डेली अपडेट्स शेयर करती हैं.

अब हाल ही में हसीना ने क्रोएशिया में अपना वेकेशन एंजॉय करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है. इन फोटोज पर अब फैंस जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स कर रहे हैं. इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें अब काफी वायरल हो चुकी हैं

वायरल तस्वीरों में अंजिनी को कलरफुल बिकिनी पहने बीच साइड एंजॉय करते देखा गया . तस्वीरों में एक्ट्रेस खुले बालों में अपना टोन्ड फिगर फ्लांट करते हुए नजर आ रही हैं.

कलरफुल बिकिनी में उन्होंने अलगङ्कअलग पोज में अपनी तस्वीरें शेयर की है जो फैंस की धड़कने तेज कर रही हैं. अक्सर ही वो सिजलिंग अवतार में अपनी फोटोज शेयर करती हैं और हर बार फैंस उनकी खूबसूरती के मुरीद बन जाते हैं.

वेकेशन के दौरान ग्लौसी मेकअप और खुले बालों में अंजिनी धवन बला की खुशबूरत लग रही हैं. उनका ये कातिलाना अंदाज देख यूजर्स उनके पोस्ट पर जमकर लाइक्स की बरसात कर रहे हैं.

आपको बता दें, अंजिनी धवन पॉपुलर बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की भतीजी हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत फैमिली ड्रामा 'बिन्नी एंड फैमिली' से की थी. आखिरी बार उन्हें सलमान खान की फिल्म सिकंदर में देखा गया था.

# डेड बग एक्सरसाइज से जुड़ी इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगा फायदा



डेड बग एक प्रभावी एक्सरसाइज है, जो न केवल आपके पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है, बल्कि आपके पूरे शरीर की स्थिरता को भी बढ़ाती है। यह एक्सरसाइज दिखने में सरल लगती है, लेकिन इसके कई लाभ हैं। इस लेख में हम आपको डेड बग एक्सरसाइज से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताएंगे, जो आपको इसे सही तरीके से करने में मदद करेंगी और इसके सभी फायदों का आनंद लेने में सहायक होंगी।

सही तरीका अपनाएं

डेड बग करते समय सही तरीके का उपयोग करना बहुत जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले अपनी पीठ को जमीन पर चिपकाकर रखें और दोनों हाथों को ऊपर की ओर सीधा रखें। अब एक हाथ और विपरीत पैर को धीरे-धीरे ऊपर-नीचे करें, जबकि दूसरा हाथ और पैर स्थिर रखें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ जमीन से न उठे ताकि आपकी मांसपेशियां सही तरीके से काम करें और आपको अधिकतम लाभ मिले।

धीरे-धीरे गति बढ़ाएं

शुरुआत में इसे धीरे-धीरे करें और जैसे-जैसे आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी, आपकी गति भी बढ़ती जाएगी। तेजी से करने पर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए हमेशा धीरे-धीरे शुरू करें। इसके अलावा हर सेट के बीच में थोड़ी आराम करें ताकि आपकी मांसपेशियां पूरी तरह से आराम कर सकें। इससे न केवल आपकी सहनशक्ति बढ़ेगी, बल्कि आपको अधिक आरामदायक अनुभव भी मिलेगा और आप इस एक्सरसाइज का पूरा लाभ उठा सकेंगे।

सांसों पर ध्यान दें

डेड बग करते समय अपनी सांसों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। जब आप अपने हाथ और पैर ऊपर-नीचे करें तो गहरी सांस लें और जब वापस शुरुआती स्थिति में आएं तो सांस छोड़ें। इससे न केवल आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी, बल्कि आपका मानसिक ध्यान भी केंद्रित रहेगा। सही तरीके से सांस लेने और छोड़ने से आपकी एक्सरसाइज अधिक प्रभावी होगी और आप इसे बेहतर तरीके से कर पाएंगे। यह आपकी सहनशक्ति को भी बढ़ाएगा।

नियमितता बनाए रखें

किसी भी एक्सरसाइज का पूरा फायदा उठाने के लिए नियमितता बहुत जरूरी होती है। सप्ताह में कम से कम 3 बार इसे करें ताकि आपके शरीर की सभी मांसपेशियां अच्छी तरह से काम करें और आपको इसके सभी लाभ मिल सकें। नियमित अभ्यास से आपकी सहनशक्ति बढ़ेगी और आप अधिक आरामदायक महसूस करेंगे। इसके अलावा नियमितता से आपको अपने लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी और आप फिट और स्वस्थ रहेंगे।

## रजनीकांत की कुली का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, 200 करोड़ रुपये से चंद कदम दूर

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को 14 अगस्त को ऋतिक रोशन की वॉर 2 के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही हैं। हालांकि, कुली कमाई के मामले में वॉर 2 से आगे है। बॉक्स ऑफिस पर कुली का कारोबार तेजी से 200 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रहा है। आइए जानें फिल्म ने चौथे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कुली ने अपनी रिलीज के चौथे यानी रविवार को 35 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 194.25 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 65 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था। दूसरे दिन इस फिल्म ने 54.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं तीसरे दिन यह 39.5 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। कुली के निर्देशन की कमान लोकेश कनगराज ने संभाली है। यह लोकेश और रजनीकांत के बीच पहला सहयोग है। रजनीकांत इस फिल्म में देवा की भूमिका निभा रहे हैं। थलाइवा का एक्शन और स्वैग देख दर्शक एक बार फिर उनके मुरीद हो गए हैं।

## वॉर 2 ने चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल, खाते में आए 173.60 करोड़ रुपये



ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म वॉर 2 स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। एक्शन और थ्रिलर से भरपूर इस फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों ने ज्यादा पसंद नहीं किया है, लेकिन फिल्म भी फिल्म की कमाई अच्छी खासी है। अब वॉर 2 की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, वॉर 2 ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले रविवार को 31 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस फिल्म ने 52 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 57.35 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह वॉर 2 ने केवल 4 दिन में 173.60 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वॉर 2 के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी ने संभाली है। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है। आदित्य चोपड़ा इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में ऋतिक और एनटीआर के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिल रही है। ऋतिक फिल्म में कियारा के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -144


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक143 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# राजामौली ने लॉन्च किया राव बहादुर का टीजर पैन-इंडिया फिल्म की दिखी अनोखी झलक



सबसे बड़ा दुश्मन है शक और महेश बाबू प्रेजेंट्स वेंकटेश की राव बहादुर के टीजर में दिखाया गया है कि कहानी का हीरो इसी दुश्मन यानी शक के वश में है. इस फिल्म को जीएमबी एंटरटेनमेंट, ए+एस मूवीज, श्रीचक्रास एंटरटेनमेंट्स और महायान मोशन पिक्चर्स ने बनाया है.

महेश बाबू प्रेज़ेंट्स, वेंकटेश महा की फिल्म राव बहादुर का फर्स्ट लुक पोस्टर आते ही छा गया था. इसमें सत्यदेव का जबरदस्त ट्रांसफ़ॉर्मेशन देखने को मिला, जिसने सबको हैरान कर दिया. पोस्टर ने साफ कर दिया था कि कुछ अलग और खास आने वाला है. जैसे-जैसे लोगों का उत्साह बढ़ता गया, मेकर्स ने रिलीज़ को लेकर सबको उत्सुक बनाए रखा और अब इंतजार खत्म हो चुका है. यूनिक और दिलचस्प अंदाज में बनी इस फिल्म का धमाकेदार टीजर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है और सबसे खास बात यह है कि राव बहादुर के टीजर को खुद एस.एस. राजामौली ने लॉन्च किया है.राव बहादुर का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा टीजर अब रिलीज हो गया है. इसमें सत्यदेव नजर आ रहे हैं और यह टीजर पैन-इंडिया फिल्मों के लिए एक नया रिकॉर्ड बना रहा है. पहले लुक में जहां सत्यदेव का शानदार बदला हुआ अंदाज दिखा था, वहीं टीजर हमें एक बड़ी और अलग दुनिया में ले जाता है. ये टीजर अपने अनोखे स्टाइल और शानदार विजुअल्स से सबको आकर्षित कर रहा है. अब दर्शकों का जोश और भी बढ़ गया है, क्योंकि राव बहादुर वाकई में एक अलग और जबरदस्त पैन-इंडिया फिल्म बनने वाली है. राव बहादुर का टीजर हमें एक रहस्यमयी दुनिया में ले जाता है, जहां सस्पेंस और रोमांच से भरी कहानियां छिपी हुई हैं.

# पखवाड़े के भीतर कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत करें-डॉ चतुर्वेदी




## कोरिया में तेज विकास हेतु आपसी संवाद आवश्यक- मोहित पैकरा

**कोरिया बैकुंठपुर ।** जिला पंचायत कोरिया की सामान्य सभा बैठक में अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं एवं जनहित से जुड़े मुद्दे रखे। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को पखवाड़े के भीतर कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सतत संवाद और समन्वय आवश्यक है। उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता के लिए हर गतिविधि में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने पर बल दिया। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी योजना अथवा वितरण कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें, ताकि जनता में सकारात्मक संदेश जाए। उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को योजना से संबंधित प्रत्येक गतिविधि में शामिल करने से योजनाओं का सही क्रियान्वयन किया जा सकता है।


इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। इस लिए सभी विभाग प्रमुख अपने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि को अवश्य शामिल करें। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, राजेश साहू, श्रीमती संगीता सोनवानी, सुरेश सिंह, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती सुषमा कोराम और श्रीमती स्नेहलता उदय, जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करोड़ों की आमदनी पर मरचूरी में रोती है इंसानियत......

# क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा की मरचुरी—जहाँ परिजन आँसुओं संग बारिश में भीगते हैं......

**कोरिया।** क्षेत्रीय चिकित्सालय, चर्चा जो एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र का प्रमुख अस्पताल माना जाता है, इस चिकित्सालय में बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत पांडव पारा ,झिलमिली, कटकोना कॉलरी, चरचा माइन आर ओ मे काम करने वाले हजारों कर्मचारी व उनके परिजन इलाज कराने आते हैं इस चिकित्सालय में प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों रुपये की लिपाई-पुताई और मरम्मत के नाम पर खर्च कर दिए जाते हैं। कागज़ों में इस अस्पताल को हर सुविधा से युक्त बताया जाता है, लेकिन हकीकत बेहद दर्दनाक है।

अस्पताल की मरचुरी यानी मृतकों को रखने का स्थान, अपनी बदहाल स्थिति की दास्तां खुद कह रहा है। मरचुरी के सामने पूरे टाइल्स टूटे और उखड़े पड़े हैं, ऊपर लगे फाइबर शीट का सेड जो कई जगह से टूट गया है उसमें से लगातार पानी रिसता रहता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है—मृतक के परिजन अपने प्रियजनों को यहाँ रखने के बाद खुद भीगते हुए खड़े रहने को मजबूर होते हैं। इस स्थान पर मृतक के परिजनों के बैठने की कोई व्यवस्था ही नहीं है। अस्पताल की मरचूरी के सामने परिजन आंसू संग बारिश में भीगने को मजबूर है छत से रिश्ता पानी और टूटी जमीन यह



सब मिलकर लापरवाही की कहानी खुद बयां करते हैं विडंबना यह है कि चर्चा की खदानें हर साल करोड़ों का लाभ देती हैं, मगर इस लाभ का एक छोटा सा हिस्सा भी मरचुरी जैसी संवेदनशील जगह की मरम्मत पर खर्च नहीं हो पा रहा है। *मानव संवेदनाओं से जुड़ा यह दर्दनाक दृश्य विभागीय लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। करोड़ों की आमदनी होने के बावजूद मर्करी में इंसानियत रोती नजर आ रही है बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.एन. झा सदैव सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अब देखना यह है कि वे इस गम्भीर और संवेदनशील समस्या का संज्ञान लेकर कब तक मृतक परिजनों की इस पीड़ा का समाधान करवाते हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौगात:राजवाड़े



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आज कोरिया जिले में जिला स्तरीय यश यात्रा- विरासत के 25 वर्ष का शुभारंभ जिला पंचायत ऑडिटोरियम परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईया लाल राजवाड़े रहे। श्री राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौगात है। यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है, जिनका लाभ यहां के निवासियों तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य ने विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं और सड़कों, बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने बताया कि रजत जयंती समारोह 15 अगस्त से प्रारंभ होकर मार्च 2026 तक चलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार इस महोत्सव की मुख्य टैगलाइन 'ज्ञान' अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में कोरिया ने जो यात्रा शुरु की उसका साक्षी आप सब हैं।पहले यहाँ कई विभागों के कार्यालय नहीं रहे होंगे, लेकिन अब शासकीय संस्थानों व विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है। आडिटोरियम परीसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, विधायक श्री राजवाड़े ने अवलोकन किया साथ ही उन्होंने इस प्रदर्शनी को सराहा। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों व इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल, महलपारा की कक्षा बारहवीं की छात्रा उन्नति जायसवाल और कक्षा दसवीं के छात्र कुणाल दुबे ने विगत 25 बरस की छत्तीसगढ़ यात्रा को धाराप्रवाह अंग्रेजी में जानकारी देकर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य, जनपद व नगरीय निकाय प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने कुरियर संचालकों व डिलिवरी कर्मचारियों की ली बैठक

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना प्रभारी विश्रामपुर के द्वारा कुरियर संचालकों और डिलिवरी ब्याय को सतर्क रहने की चेतावनी दी है और कहा है कि निर्देशों के उल्लघंन पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस कदम का उद्धेश्य कुरियर संचालकों और उनके कर्मचारियों को सावधान करना था कि वे किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों। यदि वे नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो पुलिस उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर ने कुरियर संचालनकर्ता एवं डिलिवरी कर्मचारियों की बैठक ली और कहा कि सभी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी तरह से नशीली दवाओं, हथियारों-चाकू या अन्य अवैध वस्तुओं के परिवहन में आप शामिल न हों।

# जिले में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान

## जनजाति परिवारों को बुनियादी सुविधाओं का मिलेगा लाभ

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितंबर से शुरू हो रहा है। यह दो अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के अनेक राज्यों में संचालित हो रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आदि कर्म योगी अभियान के बारे में अधिकारियों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना है। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अभियान के अंतर्गत धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित जिले के 154



आदिवासी बहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान के संचालन हेतु ग्राम स्तर पर एनजीओ, स्वयंसेवी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं सेवाभावी संगठन तैयार किए जाएंगे। ये कैडर पेंशन, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित करीब 25 योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास की योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक चयनित ग्राम में ''आदि सेवा केंद्र'' की स्थापना की जाएगी, जो शासकीय सेवाओं की प्रदायगी और जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने का केंद्र बनेगा। पूरे अभियान के दौरान 'आदि सेवा केंद्र' के माध्यम से 'सेवा पर्व' और 'आदि कर्मयोगी सेवा अभियान' का संचालन किया जाएगा। इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आदिम जाति विकास तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा निर्धारित विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार जिलों में एनजीओ, सीएसओ तथा स्थानीय वालंटियर्स का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि गैर शासकीय कर्मियों को 'आदि सहयोगी' तथा शासकीय कर्मियों को 'आदि सहायक' के नाम से जाना जाएगा। अभियान के दौरान शिकायत निवारण शिविर, जनजागरूकता अभियान तथा 'आदिवासी सेवा दिवस' का आयोजन भी किया जाएगा।

# अविवादित नामांतरण का निपटारा करें, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने में लाएं तेजी: कलेक्टर



**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनदर्शन व सीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में हर हाल में सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। साथ ही जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि धरती आबा में चिन्हित ग्रामों के छात्र- छात्राओं तथा जरूरतमंद वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं और एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में नल जल योजना व जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा और लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसी तरह 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर वन विभाग एवं नगरीय निकायों को शीघ्र पौधरोपण एवं उसकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण को प्राथमिकता बताते हुए राजस्व अधिकारियों को सतत निगरानी करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि खरीफ वर्ष 2025-26 में लगाए गए प्रत्येक फसल का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सर्वेक्षण किया जाए। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार शीघ्र कार्य पूर्ण कराएं तथा सर्वेक्षणकर्ता की प्रविष्टियों का सत्यापन राजस्व निरीक्षक और प्रतिदिन पर्यवेक्षण पटवारी द्वारा सुनिश्चित हो।पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए ताकि पशुपालकों व आमजन इन गतिविधियों से अधिक से अधिक लाभ ले सकें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डी.डी. मंडावी, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल सहित विभिन्न जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में चुनाव प्रक्रिया से हुआ शाला नायिका और उप शाला नायिका का चयन

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता की उपस्थिति में शालेय गतिविधियां एवं विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की लिए आवश्यक सहयोग हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले शाला नायिका और उप नायिका का चयन की पूरी प्रक्रिया मतदान के माध्यम से की गई। इसमें सबसे पहले प्रतिभागियों ने अपना नामांकन किया। शाला नायिका के लिए के कक्षा 12वीं से दो विद्यार्थियों आस्था सोनकर और पायल सिंह ने नामांकन किया , इसी प्रकार उप शाला नायिका के लिए कक्षा 11वीं से पांच छात्राओं आकृति,पूजा कुर्रे,उमा रजवाड़े,आरज़ू बानो,सुमन रजवाड़े ने नामांकन किया। सबसे पहले संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह एवं साहिस्ता अंजुम अली द्वारा सभी विद्यार्थियों को निर्वाचन संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। प्रत्याशियों को प्रचार करने का भी मौका दिया गया। इसके बाद संस्था के सभी छात्राओं से मतदान कराया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना वोट दो पर्ची के माध्यम से शाला नायिका एवं उप शाला नायिका के लिए मतदान दिया। मतदान पश्चात पहले शाला नायिका के मतों की गणना करके विजेता घोषित किया गया। शाला नायिका पद के लिए आस्था सोनकर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पायल सिंह को 119 मतों से हरा कर जीत हासिल किया इसके बाद उप शाला नायिका के मतों की गणना की गई जिसमें प्राप्त मतों के आधार पर प्रथम उप शाला नायिका के लिए आरजू बानो और द्वितीय उप शाला नायिका के लिए सुमन रजवाड़े विजयी रही। सभी नव निर्वाचित शाला नायिका एवं उप शाला नायिका को संस्था के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता द्वारा उनके कर्तव्यों को बताते कहा कि शाला नायिका एवं उप शाला नायिका के गठन से बच्चों में नेतृत्व की क्षमता व समाज व देश के प्रति सेवा भाव की भावना जागृत होती है। संस्था में अनुशासन बनाए रखने में इनका विशेष सहयोग रहता है। इस पूरी मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया के दौरान संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी

**रायपुर।** मौसम विभाग के अनुसार ओड़िसा के समुद्रवर्ती तटीय क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र निर्मित होने से दक्षिण बस्तर में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है।

## आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को घर-घर पहुंचने में दिया योगदान, शुक्ला सम्मानित



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के वैद्यराज अरुण कुमार शुक्ला के द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद को घर-घर पहुंचने में किए जा रहे प्रयासों को अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद राजघाट नई दिल्ली ,अंतर्राष्ट्रीय नेचुरोपैथी चिकित्सा आर्गनाइजेशन व आयूष मंत्रालय दिल्ली के संयुक तत्वाधान से को योग, प्राकृतिक चिकित्सा, व आयुर्वेदिक वनस्पतियो को घर घर गांव गांव व सुदूर वनांचल क्षेत्रो में योग रथ के माध्यम 6 जून 2025 से 21जून 2025 तक पूरे बैकुंठपुर कोरिया जिले में प्रचार करने वाले सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष में 21 से 23 जुलाई आरोग्य संवाद कार्यक्रम आयोजित प्रगति मैदान दिल्ली मे अंतरास्ट्रीय नेचुरोपैथी आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष के आनंद बिरादर व आयूष मंत्रालय दिल्ली के सचिव श्री श्रीवास्तव व अन्य सभापतियों द्वारा सम्मानित किया गया 19 अगस्त 2025 को योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंहा, डॉ छगनलाल सोनवानी व अन्य सभी सदस्यों द्वारा बृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में वैद्यराज पंडित अरुण कुमार शुक्ला वनौषधालय बैकुंठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ सम्मानित किया गया।

## डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने थाना जयनगर के पिकेट चेकिंग प्वाईन्ट का किया औचक निरीक्षण

**सूरजपुर।** सोमवार की रात्रि में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर अचानक थाना के औचक निरीक्षण पर निकले और पुलिस के पिकेट चेकिंग प्वाईन्ट का जायजा लिया साथ ही क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का हाल करीब से जाना। उनके द्वारा रात्रि में थाना जयनगर का औचक निरीक्षण कर थाना के सामने लगाए गए पिकेट चेकिंग पाईन्ट पर तैनात पुलिस अधिकारी व जवानों को निर्देश दिए कि पुलिस की नजरों से कोई भी अवैध वस्तु अथवा संदिग्ध बच न सके, पूर्ण सजगता के साथ बारीकी से चेकिंग की जाए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि आपराधिक घटनाओं को रोकने सभी सजगता के साथ रात्रि गश्त करें, पिकेट चेकिंग प्वाईन्ट पर आने वाले सभी वाहनों एवं लोगों की बारीकी से चेकिंग की जाए, आमजनता के साथ मधुर और संदिग्धों के विरूद्ध सख्त रवैया अपनाए। चेकिंग प्वाईन्ट पर वाहनों को रोकवाने के लिए सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन किए जाए साथ ही चेकिंग ऐसी हो कि आमजनता को किसी प्रकार की परेशान भी ना उठाना पड़े। किसी भी शिकायत अथवा घटना की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी की जाए, पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत कर आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करें, जिम्मेदारी का निर्वहन कर आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी को सख्त लहजे में कहा कि रात्रि में यदि किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना की सूचना मिलती है तो बिना समय गवाए मौके पर पहुंचे और विधि अनुसार जरूरी कदम उठाए, क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या अवैध कारोबार न पनपे यह सुनिश्चित करें, ऐसी कोई भी सूचना प्राप्त होने पर संबंधित प्रभारी इसके लिए जिम्मेवार होंगे और उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गंभीर अपराधों, महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों में अनिवार्य रूप से 60 दिवस के भीतर चालान पेश करने के निर्देश दिए।

## नगर सैनिक भर्ती परीक्षा परिणाम जारी

**कोरिया।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी से मिली जानकारी नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एस.डी.आर.एफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा वर्ष 2024-256 में 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास डयूटी हेतु तथा 500 महिला एवं पुरूष नगर सैनिक जनरल डयूटी हेतु भर्ती की कार्यवाही की गई थी। उक्त भर्ती का परिणाम 8 अगस्त 2025 को विभागीय वेबसाईट https:// www. cghgcg.gov.in एवं https://firenoc.cg.gov.in पर जारी कर दिया गया है। सभी अभ्यर्थी एवं आमजन विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरिया सम्पर्क किया जा सकता है।

## बाइक पर कपल का रोमांस वायरल

**दुर्ग।** जिले के भिलाई में एक बार फिर सड़कों पर 'आशिकी' का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सेक्टर-10 क्षेत्र में एक कपल का बाइक पर रोमांटिक स्टंट करता हुआ वीडियो सामने आया है, जिसमें लड़की बाइक की टंकी पर बैठकर और लड़का उसे गले लगाए शहर की सड़कों पर चक्कर लगाते नजर आ रहा है। इस घटना ने न केवल ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को उजागर किया, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

बता दें कि वायरल वीडियो में एक युवक और युवती को बिना नंबर प्लेट की बाइक पर खतरनाक तरीके से रोमांस करते देखा जा सकता है। लड़की बाइक की टंकी पर बैठी है और युवक उसे गले लगाए हुए तेज रफ्तार में बाइक चला रहा है। यह वीडियो भिलाई के सेक्टर-10 क्षेत्र का बताया जा रहा है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। दुर्ग पुलिस ने इस वीडियो को गंभीरता से लिया है और बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह न केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सड़क पर अन्य लोगों की जान को भी खतरे में डालने वाला कृत्य है।

# कटोला: प्रोटीन और औषधीय गुणों से भरपूर आयुर्वेदिक सब्जी

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रकृति ने हमें अनेक ऐसे आहार दिए हैं, जो न केवल स्वाद और ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर होते हैं। ऐसी ही एक अद्भुत सब्जी है कटोला (जिसे कई जगह कटोरा या जंगल करेला भी कहा जाता है)। यह आयुर्वेदिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण वनस्पति मानी जाती है और स्वास्थ्य के लिए अमृत तुल्य है।

कटोला मुख्य रूप से करेला कुल की एक प्रजाति है। इसका स्वरूप सामान्य करेला जैसा होता है, लेकिन आकार में छोटा और स्वाद में अधिक कड़वा होता है। यह विशेष रूप से वन क्षेत्रों और बरसात के मौसम में पाया जाता है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में यह लंबे समय से स्वास्थ्यवर्धक सब्जी के रूप में उपयोग की जाती रही है। अनुसंधानों में पाया गया है कि कटोला में प्रोटीन की मात्रा अत्यधिक होती है। सामान्य धारणा यह है कि प्रोटीन केवल मांसाहारी आहार जैसे मीट, मछली



या चिकन से ही मिल सकता है। लेकिन आयुर्वेदिक विज्ञान यह मानता है कि कटोला जैसे वनस्पति-आधारित आहार में मीट या चिकन से 50 गुना अधिक प्रोटीन पाया जाता है। यही कारण है कि यह शाकाहारी लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी माना जाता है। प्रोटीन के साथ-साथ कटोला में फाइबर, विटामिन-सी, कैल्शियम, आयरन और मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह तत्व शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाते हैं। मधुमेह (डायबिटीज) नियंत्रित रहती है। रक्त को शुद्ध करने की क्षमता इसमें होती है। पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और कब्ज से राहत देता है। शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में सहायक है। त्वचा रोग और संक्रमण से बचाव करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को कई गुना बढ़ाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि जिन लोगों को बार-बार बीमारियाँ घेरती हैं, उन्हें नियमित रूप से कटोला का सेवन करना चाहिए। कोरिया जिले समेत अनेक वनांचल क्षेत्रों में कटोला लंबे समय से आहार का हिस्सा रहा है। स्थानीय लोग इसे सब्जी, सूप या चटनी के रूप में खाते हैं। कई जगह इसकी जड़ों और बीजों का भी औषधीय उपयोग होता है। ग्रामीण समाज का कहना है कि यह सब्जी न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि शरीर में ऐसी ऊर्जा भरती है जो लंबे समय तक बनी रहती है। आज के समय में जब लोग प्रोटीन सप्लीमेंट्स और महंगी दवाइयों पर निर्भर हो रहे हैं, वहीं कटोला जैसी प्राकृतिक सब्जी सस्ती, सुलभ और प्रभावी विकल्प है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसे नियमित आहार में शामिल किया जाए तो अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। कटोला वास्तव में प्रकृति का अनमोल उपहार है। यह केवल एक सब्जी नहीं बल्कि प्राकृतिक प्रोटीन और औषधि का खजाना है। आयुर्वेदिक मान्यता है कि कटोला के नियमित सेवन से न केवल शरीर स्वस्थ और मजबूत होता है, बल्कि जीवनशैली संबंधी रोग भी नियंत्रित रहते हैं। आज आवश्यकता है कि इस पारंपरिक और औषधीय सब्जी को घर-घर तक पहुँचाया जाए और लोगों को इसके महत्व से अवगत कराया जाए। कटोला न केवल शाकाहारियों के लिए प्रोटीन का उत्तम स्त्रोत है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ भविष्य की कुंजी साबित हो सकता है।

# नकटीखार के पास जंगल में मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की आशंका

## पुलिस जुटी जांच में, शिनाख्ती की भी कोशिश





**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नकटीखार गांव से लगे जंगल में मंगलवार की देर शाम एक अज्ञात युवक का संदिग्ध शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस हत्या के एंगल से जोड़कर भी देख रही है।

जानकारी के अनुसार, पिकनिक मनाने आए कुछ लोगों ने जंगल में लगभग 30 से 35 वर्ष के युवक का शव देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों और व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से जानकारी प्रसारित करना शुरू कर दिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डिक्ससेना ने बताया कि शव की स्थिति को देखते हुए फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। फॉरेंसिक जांच से मौत के कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस की प्राथमिकता फिलहाल मृतक की पहचान करना है, जिसके बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि कोटवारों के जरिए भी मुनादी कराई जा रही है ताकि जल्द से जल्द मृतक की पहचान हो सके। पहचान हो जाने के बाद ही इस मामले की गुत्थी सुलझने की उम्मीद है। फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## युवती ने हाथी के नस को ब्लेड से काटा, लहूलुहान



**कोरबा।** शहर के मिशन रोड स्थित श्याम मंदिर के निकट तैश में आई एक युवती ने ब्लेड से अपने हाथ के नसों को काट लिया जिससे वह लहूलुहान हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार युवती मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी अचानक उसे गुस्सा आ गया। उसने आव देखा न ताव ब्लेड निकाला और अपने हाथ पर एक दो नहीं बल्कि लगभग दो दर्जन वार किया। नस काटने की कोशिश में लड़की का हाथ लहूलुहान हो गया। यह घटना कोतवाली कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिशन रोड श्याम मंदिर के समीप एटीएम के बाहर की है। ब्लैक कलर का जींस और शर्ट पहनी लड़की की उम्र लगभग 20 वर्ष के आसपास होगी ।वह टहलते हुए मोबाइल से किसी से बात करते हुए घटनास्थल पर आई और फिर न जाने क्या हुआ कि वह आपा खो बैठी और स्वयं पर ही प्राण घातक हमला शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बेहोश पड़ी युवती को अस्पताल भिजवाया।

# कलिंगा से ग्रामीणों की तनातनी विकास को हटाएं वरना आंदोलन

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र के ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों की अलग अलग कारणों से कलिंगा ठेका कंपनी के साथ तनातनी की स्थिति बनी हुई है जो समय के साथ और भी तेज होती जा रही । कंपनी के कर्ताधर्ता में जिस कर्मचारी विकास दुबे की गिनती होती है, को हटाने की जोरदार मांग की है। ग्रामवासियों का आरोप है कि ठेका कंपनी कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के विकास की कार्यशैली और व्यवहार से ग्रामवासी अत्यधिक परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर 27 अगस्त तक कार्रवाई की अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा कम्पनी का काम बंद करने आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विकास दुबे लगातार ग्राम पंचायत हरदीबाजार के लोगों और आम नागरिकों से अभद्रता करता है। कंपनी का प्रतिनिधि होने के बावजूद ठेका कर्मचारी अपनी मनमानी करता है और पारदर्शिता को ठेंगा दिखाता है। ग्रामीणों का आरोप है कलिंगा का स्थानीय कर्ताधर्ता स्थानीय स्तर पर चल रहे विकास कार्यों में सहयोग करने के बजाय अड़चनें पैदा करता है। क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जब भी लोग अपनी बात रखते हैं, तो उनकी बातों को नजरअंदाज किया जाता है। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि 27 अगस्त तक विकास को नहीं हटाया गया, तो वे पंचायत बंद कर आंदोलन करेंगे। ग्राम पंचायत हरदी बाजार के सरपंच के अलावा भूमि विस्थापित समिति के लिए काम करने वाले अनेक प्रतिनिधियों ने इस बारे में आवाज उठाई है। उन्होंने प्रशासन और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड प्रबंध के अधिकारियों को यहां की करगुजारियों के बारे में अवगत कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि 26 अगस्त तक वह कार्रवाई की प्रतीक्षा करेंगे और दूसरी स्थिति में 27 अगस्त को कलिंगा की साइट पर प्रदर्शन करते हुए कामकाज ठप करेंगे। इस मामले की समस्त जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन दीपका और प्रशासन की होगी। याद रहे इससे पहले भी विकास दुबे के काम करने के अंदाज को लेकर सवाल उठ चुके हैं।

# नशे में धुत ईएमटी,108 एम्बुलेंस में मरीज की जान जोखिम पर



**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक्सीडेंट केस को रिफर करने पहुंची 108 एम्बुलेंस में लापरवाही का बड़ा मामला उजागर हुआ है। एम्बुलेंस में ड्यूटी पर तैनात आपात चिकित्सा तकनीशियन नशे की हालत में सोता रहा, जिसके कारण मरीज को तत्काल सुविधा नहीं मिल पाई।

खबर के अनुसार गंभीर अवस्था में मौजूद मरीज को एम्बुलेंस तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ईएमटी की थी, लेकिन उसके नशे में धुत होने की वजह से परिजनों और वाहन चालक (पायलट) ने मिलकर किसी तरह मरीज को स्ट्रेचर पर शिफ्ट किया और अस्पताल के लिए रवाना कराया। इस प्रकरण में मरीज पचरा गांव का रहने वाला था इसलिए स्थानीय सरपंच शिवनंदन कुजूर पूरे समय यहां पर मौजूद रहे। उन्होंने एम्बुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन की हरकत को अक्षम्य बताया है। सूत्रों के मुताबिक, यह ईएमटी आनंद कुमार 8 साल से काम कर रहा है। पहले भी कई बार उसकी लापरवाही सामने आ चुकी है। गैर-जिम्मेदाराना हरकतों में पकड़ा गया है, लेकिन विभाग की ओर से उस पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले का वीडियो बीती रात से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पूरे कोरबा जिले में फिलहाल 108 एम्बुलेंस की संख्या बेहद सीमित है। महज 5 से 6 वाहन ही सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में जब किसी एक भी एम्बुलेंस कर्मी द्वारा इस तरह की लापरवाही होती है, तो मरीजों की जिंदगी गंभीर खतरे में पड़ जाती है।

# प्रदेश मंत्री बनने पर चौरसिया का ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा कोरबा जिले के पदाधिकारियों ने प्रदेश मंत्री बनने पर सुश्री ऋतु चौरसिया का भेंट-मुलाकात कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर उन्हें रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करी।

प्रदेश मंत्री बनने के बाद पहली बार कोरबा आगमन पर सुश्री ऋतु चौरसिया का सम्मान पाकर वह आत्मीयता से अभिभूत हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं के स्नेह को संगठन की शक्ति बताते हुए कहा कि ओबीसी मोर्चा की सक्रिय भूमिका भाजपा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। सुश्री ऋतु चौरसिया को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष झाम लाल साहू, झगेंद्र देवागन, रमेश महतो, पार्षद ईश्वर पटेल, रमेश पोद्दार, लक्मण महंत, विनोद श्रीवास, संजू वैष्णव, बलराम विश्कर्मा, द्वारिका चन्द्रमा एवं पवन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विस्थापितों ने किया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



कोरबा। रोजगार एवं पुनर्वास संबंधी लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के बैनर तले भूविस्थापितों ने आज एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान भूविस्थापितों ने कार्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर दिया तथा उसके सामने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। कार्यालय का घेराव भी किया गया। भूविस्थापितों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उनकी जमीन को कोयला उत्खनन के लिए ले तो लिया गया है लेकिन रोजगार व पुनर्वास देने के मामले में वह लगातार आनाकानी कर रहा है। उनके द्वारा लगातार मांग की जा रही है लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फलस्वरूप उन्हें आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के बाद भूविस्थापित खदान भी जाएंगे और वहां प्रदर्शन करने के साथ कोयला खनन, परिवहन तथा उत्पादन संबंधी गतिविधियों को रोक खदान बंद कराएंगे। विस्थापितों की 9 सूत्रीय मांगों में भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार देने, मुआवजा देने, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, प्रभावित गांवों के बेरोजगारों को खदान में काम देने, पुनर्वास गांव में बसे भूविस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने की मांग शामिल है।

# नगर व देश के विकास में प्रत्येक नागरिक का योगदान : पद्मिनी



**कोरबा।** नगर या देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम सभी को कृत संकल्पित होकर कार्य करना होगा तभी हमारा देश अग्रणी होगा ।हमें स्वच्छता को अपनाना होगा तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना है।

उपरोक्त उद्गार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माध्यमिक शाला कन्या छुरी में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य कार्यक्रम में श्रीमती पद्मिनी देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी ने व्यक्त किए ।इस अवसर पर छात्राओं ने रोचक और मनमोहक लोक नृत्यों की प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दियद्यचांदनी, कृतिका, गीतांजलि, कविता, श्रेया, अदिति ,विधि, कशिश, प्रिंसि, अश्वनी,अर्पिता, सेजल, कनिका, पूजा, अनन्या, ज्योतिका, कृतिका, काजल, चंचल, वैभव लक्ष्मी, प्रतिमा, सिमरन,आदि की प्रस्तुति बेहद सराहनीय रही।

छात्राओं को इस अवसर पर पार्षद श्रीमती संगीता यादव द्वारा बूंदी सेव का वितरण किया गया। एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए कन्फेशनरी आइटम अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया तथा कार्यक्रम के आखिरी में शाला प्रमुख के द्वारा सभी के लिए न्योता भोज में पूड़ी, खीर,छोले की सब्जी,पापड़ आदि की व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की स्वच्छता,व्यवस्था, बच्चों को शिक्षा के साथ दिए जाने वाले संस्कार की प्रशंसा की गई।

# विकास महतो के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं युवाओं के चहेते चेहरे विकास महतो का जन्मदिन आज पूरे कोरबा जिले में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही जगह-जगह बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने बैनर, होर्डिंग और पोस्टर के माध्यम से शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरा शहर उत्सवमय नजर आया।

दिनभर जिले के अलग-अलग हिस्सों में उनके जन्मदिन को खास बनाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, तो कहीं गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन वितरण कर सेवा कार्य किए गए। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर भी अपने प्रिय नेता का जन्मदिन उल्लास के साथ मनाया। सोशल मीडिया पर भी दिनभर शुभकामनाओं का सैलाब देखने को मिला। समर्थकों ने तस्वीरें, वीडियो और बधाई संदेश पोस्ट कर नेता के प्रति अपना सम्मान और स्नेह व्यक्त किया।

युवा कार्यकर्ताओं ने कहा कि विकास महतो संगठन के लिए ऊर्जा का स्रोत और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को हमेशा नई दिशा और जोश मिलता है। जन्मदिन के अवसर पर उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व और पर्व दोनों है। पूरे कोरबा जिले में आज का दिन एक उत्सव जैसा दिखा और जगह-जगह बधाई और शुभकामनाओं का दौर चलता रहा।

# राष्ट्र निर्माण में एल्युमीनियम की भूमिका : वेदांता ने शुरू किया बढ़ते भारत की पहचान अभियान



**कोरबा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने 'बढ़ते भारत की पहचान' नामक अपने अभियान का अनावरण किया है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास की दिशा में देश की यात्रा का उत्सव मनाता है। स्वतंत्रता दिवस पर शुरू किया गया यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वेदांता एल्युमीनियम उभरते भारत के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों, जैसे- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, नवीकरणीय ऊर्जा, एयरोस्पेस, रक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तन को गति दे रहा है। यह अभियान विकसित भारत@2047 के विजन में एल्युमीनियम को एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में प्रस्तुत करता है।

यह अभियान विभिन्न चरणों में आगे बढ़ेगा, जिसकी शुरुआत कई आकर्षक दृश्यों वाले टीज़र से हुई, जिनमें भारत की प्रगति को दर्शाया गया, साथ ही प्रेरक शक्ति को भी शामिल किया गया है, जिससे उत्सुकता और अपेक्षा बढ़ी है। इसके बाद एक प्रभावशाली डिजिटल फिल्म दिखाई गई, जिसमें वेदांता एल्युमीनियम को भारत की प्रगति की रीढ़ के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिखाया गया कि कैसे यह धातु इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर पैनलों, रक्षा प्रणालियों और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को शक्ति प्रदान करती है। फिल्म का समापन इस प्रभावशाली संदेश के साथ हुआ, हम हैं वेदांता एल्युमीनियम। हम बढ़ते भारत की पहचान हैं।

इस स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी की भावना के बारे में वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, ''इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम- 'नया भारत', नवाचार, लचीलेपन और आत्मनिर्भरता से प्रेरित वास्तविकता को दर्शाती है। वेदांता एल्युमीनियम में, हमें इस परिवर्तन के केंद्र में होने पर गर्व है, जो स्वच्छ ऊर्जा से लेकर अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तक, हर चीज को शक्ति प्रदान करने वाली भविष्य की धातु के जरिए राष्ट्र की प्रगति को सक्षम बनाता है। हम उन उद्योगों को शक्ति प्रदान करते हैं जो एक सस्टेनेबल और लचीले भारत को आकार देते हैं। बढ़ते भारत की पहचान एक पुनरुत्थानशील भारत की भावना और उद्देश्य तथा गर्व के साथ अपने भविष्य का निर्माण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और उद्योग के प्रति हमारी श्रद्धांजलि है।''

सामूहिक प्रगति की भावना को और मजबूत करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम ने एक कर्मचारी-नेतृत्व कार्यवाही भी शुरू की, जहाँ इसके कर्मचारियों ने सोशल मीडिया पर अभियान की लाइन के साथ सेल्फी साझा करके इस अभियान का जश्न मनाया और खुद को भारत की औद्योगिक प्रगति के पीछे के असली चेहरे के रूप में प्रदर्शित किया। इस गति को बनाए रखने के लिए, एक चल रही स्निपेट सिरीज इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, सौर ऊर्जा और डिफेंस अलॉय जैसे क्षेत्रों में वेदांता एल्युमीनियम के योगदान पर प्रकाश डाल रही है, जबकि कर्मचारियों की भागीदारी इस बात पर प्रकाश डाल रही है कि कंपनी किस प्रकार आत्मनिर्भर भारत को साकार कर रही है।

## ग्रामीण के घर में घुसा भालू, वन विभाग ने खदेड़ा

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पसान रेंज के बोकरीमुड़ा गांव में संतोष नामक ग्रामीण के सूने मकान में एक भालू के घुस जाने से अफरातफरी मच गई। बाद में वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और भालू को खदेड़कर जंगल की ओर भगाया। जिस पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।


## मितानिनों ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ की मितानिन आशा कार्यकर्ता, प्रशिक्षक, हेल्थ फैसिलिटेटर और ब्लॉक समन्वयक कोरबा जिले में बड़ी संख्या के घंटाघर चौक पर एकत्र हुए और दोपहर 12 बजे रैली निकालते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां उन्होंने अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मितानिन कार्यकर्ताओं ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि उनकी तीन सूत्रीय मांगें पूरी की जाएं, अन्यथा वे चरणबद्ध आंदोलन को और तेज करेंगे। संगठन का कहना है कि अगर इन्हें नज़रअंदाज़ किया गया तो इसका सीधा असर जन स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा, क्योंकि बिना मितानिन और आशा कार्यकर्ताओं के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प पड़ जाएंगी। मितानिन कार्यकर्ता अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।




किराये से देना है
मेन रोड कोरबा धर्म अस्पताल के ठीक सामने दो दुकानें अलग-अलग या एक साथ किराए से देना है।
-: संपर्क करें :-
8120594099
9770412199
डिलाइट क्लाथ सेंटर

नमः शिवाय
प्लाट बेचना है
शादी घर, होटल, रिसोर्ट के लिए 1.5 एकड़ का डायवर्टेट प्लाट बेचना है, घंटाघर हेलीपेड के पास।
संपर्क करें
62681-46606




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com